

देश में बैंक एक सख्त कानूनी और नियामक ढांचे के तहत काम करते हैं: सीतारमण।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 11 अंक: 90 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता: केंद्र

## सरकार ने देशवासियों और उद्योग जगत को ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रहने का भरोसा दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने देशवासियों और उद्योग जगत को ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रहने का भरोसा दिया है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वैश्विक हालात के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, कुछ जगहों पर ग्राहकों के घबराहट में की जा रही खरीदारी की खबरों के बीच केंद्र सरकार ने देश के ऊर्जा बाजार को स्थिर रखने के लिए कई स्तरों पर त्वरित उपाय किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दुनियाभर के अलग-अलग देशों के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसी क्रम में 28 मार्च को प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस, प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री ने उस क्षेत्र में ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए हमलों की निंदा की। दोनों नेताओं ने स्वतंत्र आवागमन और शिपिंग मार्गों को खुला और सुरक्षित रखने पर भी चर्चा की। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और तेल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पूरे देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि इसे सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने कई स्तरों पर कदम उठाए हैं और उठाती रहेगी। हमारी रिफाइनरियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का स्टॉक भी पर्याप्त है। इसके अलावा घरेलू बाजार में डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की उपलब्धता बनाए रखने के लिए एक निर्यात शुल्क भी लगाई गई है। सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी आधारित परिवहन के लिए 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।




### किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास स्टॉक की कोई कमी नही

ग्रिड से जुड़ी इंडस्ट्रीज के लिए 80 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। एलपीजी के संबंध में उन्होंने कहा कि किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास स्टॉक की कोई कमी नहीं है। शर्मा ने बताया कि लगभग 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन की गईं। पिछले एक हफ्ते में लगभग 2,60,005 किलोग्राम एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलेंडर बेचे गए हैं। साथ ही लगभग 41,000 टन कमर्शियल एलपीजी भी उठाई गई है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके नियमित तिमाही आवंटन के अलावा अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन आवंटित किया गया है।

## विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश का औद्योगिक उत्पादन फरवरी महीने में 5.2 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का औद्योगिक उत्पादन विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 फीसदी बढ़ा है, जो एक मजबूत सुधार को दर्शाता है। पिछले साल फरवरी 2025 में यह वृद्धि केवल 2.7 फीसदी रही थी।
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित देश का औद्योगिक उत्पादन फरवरी में विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 फीसदी बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि तेज होकर छह फीसदी हो गई, जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2.8 फीसदी थी। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में खनन क्षेत्र की वृद्धि भी



थोड़ा सुधरकर 3.1 फीसदी हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 1.6 फीसदी थी। बिजली उत्पादन फरवरी में 2.3 फीसदी बढ़ा है, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 3.6 फीसदी बढ़ा था। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 4.1 फीसदी पर स्थिर रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के बराबर है।



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

# केवल संघ को ही विदेशी फंड मिलेगा, संघ नफरत फैलाता है: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोट्टायमः** देश के 5 राज्यों में अप्रैल में चुनाव हैं। सभी राज्यों में पार्टियों की जनसभा, रैली और प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज केरल दौरे पर हैं। उन्होंने कोट्टायम में कहा- विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में संशोधन विधेयक लाया जाना है। जिससे गंभीर बात है, क्योंकि इसके तहत केवल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ही विदेशी फंड प्राप्त कर सकेगा, जबकि अन्य संगठनों पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संघ में ऐसी क्या खास बात है कि उनके लिए अलग नियम हैं? वे नफरत फैलाते हैं



और लोगों को बांटते हैं। भाजपा इसी तरह काम करती है। इससे पहले पतनमतिट्टा में राहुल ने कहा था कि नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में हैं। ठीक इसी तरह, नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को भी अपने इशारों पर नचाते हैं। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बेल्दा में चुनावी सभा में कहा- भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने असम में बीजेपी कार्यकर्ताओं से नमो एप के जरिए ऑनलाइन चर्चा की। वहीं केरल में घर से वोटिंग शुरू प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो लोग वोट डालने जाने में असमर्थ हैं, उनसे पोस्टल बैलेट के जरिए वोटिंग कराई जा रही है।
तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई के कोलाथुर सीट से नामांकन दाखिल किया। टीवीके चीफ विजय ने पेरम्बूर सीट से नामांकन दाखिल किया।

## पात्रा ने कांग्रेस पर लगाया, नक्सलवाद को पालने पोसने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल में अगर कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा द्वारा शुरू किये गये सलवा जुडूम जैसे आंदोलन को रोका ना गया होता तो भारत 2020 के पहले ही नक्सल मुक्त हो जाता। लोकसभा में नक्सलवाद-मुक्त भारत विषय पर नियम 193 के तहत हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए



डॉ पात्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नक्सलवाद को देश की सबसे घातक समस्या बताया था, लेकिन कांग्रेस के दूसरे धड़े ने इसे रोमांचकारी गतिविधि के रूप में दिखाने का काम किया। इसी का परिणाम था कि कांग्रेस के एक आदिवासी नेता ने नक्सलियों के खिलाफ 2005 में सलवा जुडूम आंदोलन शुरू किया।

## वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जगह तलाशी जाएं: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा भर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं जाने के लिए स्थान ढूंढने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान कई स्थानों पर जलभराव की समस्या सामने आती है, इसलिए इससे निपटने के लिए अभी से पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को सचिवालय में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने बारिश से पहले होने वाली ड्रेन को सफाई, जल निकासी व्यवस्था और सफाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की



तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि जहां-जहां जल निकासी में दिक्कत है, उन स्थानों की पहचान कर वहां वैकल्पिक उपाय अपनाए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ऐसे स्थानों पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विकल्प तलाशे जाएं, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके और जलभराव की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में वॉटर हार्वेस्टिंग से जुड़ा पूरा और अपडेटेड डेटा तैयार किया जाए। इसमें यह जानकारी शामिल हो कि कहां-कहां वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

> कई स्थानों पर जलभराव की समस्या सामने आती है, इसलिए इससे निपटने के लिए अभी से पुख्ता इंतजाम किए जाए

लगे हुए हैं, उनमें से कितने सही तरीके से काम कर रहे हैं और किन स्थानों पर इन्हें लगाने की आवश्यकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी विभागों में इन सिस्टम्स को सही तरीके से लागू किया जाए और जहां यह अभी तक नहीं लगे हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर इन्हें स्थापित किया। जाए। उन्होंने यह भी कहा कि

## प्रधानमंत्री का असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से नमो ऐप के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा-एनडीए की हैट्रिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं से कड़ी मेहनत करने की अपील की। उन्होंने विपक्षी दलों पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा असम की अस्मिता, सुरक्षा और संस्कृति से सीधे जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को नमो ऐप के जरिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी दायित्व सौंपती है, उसे निभाने के लिए वे पूरी ताकत लगाते हैं। असम में भाजपा-एनडीए की हैट्रिक लगे, इसके लिए राज्य के पार्टी कार्यकर्ता जबरदस्त मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बोहाग बिहू और अन्य त्योहारों की तैयारियों के बीच चुनावी अभियान चलाने वाले कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि असम ने लंबे समय तक अस्थिरता, हिंसा और उग्रवाद का दौर देखा था,



लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने शांति, विकास और सुरक्षा का नया दौर शुरू किया है। पिछले 10 वर्षों में 12 बड़े शांति समझौते हुए हैं जो असम की नई तस्वीर बनाते हैं। संवाद के दौरान विभिन्न जिलों के कार्यकताओं ने अपने अनुभव साझा किए। सुनितपुर जिले के पंकज हजारी ने कहा कि साल 2016 से पहले असम में अराजकता और उग्रवाद चरम पर था। लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद किसानों, व्यवसायियों और शिक्षकों के जीवन में अमूल्य परिवर्तन आया है। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 18-22 साल के युवा मतदाता केवल पिछले 10 साल की शांति को जानते हैं, बूथ कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि उन्हें पुराने दिनों की हिंसा और कांग्रेस की नीतियों की याद दिलाएं।

## जायका सहयोग से मेडिकल शिक्षा व स्वास्थ्य ढांचे पर 3 हजार करोड़ खर्च: सीएम सुक्खू

**पंकज शर्मा**
**शिमला।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कटौती प्रस्ताव पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में जायका के माध्यम से लगभग तीन हजार करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इस राशि से कॉलेजों में अत्याधुनिक उपकरण स्थापित किए जाएंगे, जिससे मरीजों को उच्च स्तर की उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेडिकल कॉलेजों की सेवाओं में लगातार सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के चार मेडिकल कॉलेज–चंबा, नाहन, हमीरपुर और नेरचौक–में विशेष सुधार की आवश्यकता है और आगामी एक वर्ष में इन संस्थानों में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय के लिए राज्य के पास धन की कमी नहीं है, हालांकि वेतन और पेंशन का व्यय अधिक होने के कारण दबाव रहता है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि रोबोटिक सर्जरी के लिए 'द विंची' मशीन 24 करोड़ रुपये में खरीदी गई है। यह मशीन एम्स द्वारा खरीदी गई मशीन की तुलना में लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये कम लागत पर प्राप्त की गई है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च के बाद मशीन नए दरों पर उपलब्ध होगी, जिसके बाद पुनः निविदा प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि 'द विंचीइ विश्व स्तरीय रोबोटिक सर्जरी मशीन है और इसकी खरीद पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि पैट स्कैन मशीनें भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत ली गई हैं। रोबोटिक सर्जरी मशीन, एमआरआई और पैट स्कैन उपकरणों की खरीद निविदा प्रणाली से की गई है।



## कृषि अवशेष से बनेंगी सड़कें, सीएसआईआर ने बायो-बिटुमेन तकनीक का किया हस्तांतरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने सोमवार को अपनी अभिनव तकनीक लिग्नोसेलुलोसिक बायोमास से बायो-बिटुमेन खेतों के अवशेष से सड़कों तक के बड़े पैमाने पर औद्योगिक उपयोग के लिए तकनीक का हस्तांतरण किया। सीएसआईआर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं



किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, सीएसआईआर की महानिदेशक एन. कलाईसेल्वी तथा विभिन्न मंत्रालयों, सीएसआईआर संस्थानों, उद्योग और नीति-निमार्ताओं के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने बायो-बिटुमेन तकनीक को ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम बताते हुए कहा कि यह तकनीक कृषि को बुनियादी ढांचे और नवाचार को जोड़ता है। यह तकनीक भारत के जलवायु लक्ष्यों, नेट जीरो प्रतिबद्धताओं, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय बायो-ऊर्जा मिशन और सर्कुलर इकोनॉमी जैसी पहलों के अनुरूप है। इसके उपयोग से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे और पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहल भारत की आत्मनिर्भरता, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और वेस्ट टू वेल्थ की सोच को दशार्ती है। यह तकनीक कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों के बीच प्रभावी समन्वय का उदाहरण है।

> केवल इसलिए कि योजना के आगे प्रधानमंत्री का नाम जुड़ा है, टीएमसी सरकार इसे लागू नहीं कर रही: शिवराज

## केरल, असम और पुडुचेरी के 2.37 लाख दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता करेंगे घर से ही मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु और द्विव्यांग मतदाताओं को घर से मतपत्रों के जरिए मतदान की सुविधा प्रदान करता है। केरल, असम और पुडुचेरी में अबतक 2.37 लाख पात्र मतदाताओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन दिया है। इन राज्यों में 9 अप्रैल को मतदान है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि केरल में 1.45 लाख, असम में 19 हजार और पुडुचेरी में दो हजार से अधिक वरिष्ठ एवं द्विव्यांग मतदाओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है। आवेदन करने वालों में 1.67 लाख वरिष्ठ नागरिक (53.5 प्रतिशत) एवं 70 हजार से अधिक द्विव्यांग मतदाता (15.22 प्रतिशत) हैं। इन सभी को आयोग की ओर से जानकारी दी जाएगी की कब मतदान कर्मी राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ उनके घर मतदान के लिए आएंगे। यह प्रक्रिया 5 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। आयोग की ओर से पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होती है।

### इससे छोटी गाड़ियों पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है, जबकि बड़ी गाड़ियों पर करीब 40 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है: मुख्यमंत्री

# एंट्री टैक्स नया नहीं, सिर्फ बढ़ोतरी हुई, सरकार करेगी रैशनलाइजेशन: सुक्खू

> सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने कोई नया एंट्री टैक्स लागू नहीं किया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** पड़ोसी राज्य पंजाब के साथ एंट्री टैक्स को लेकर उठे विवाद के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने कोई नया एंट्री टैक्स



लागू नहीं किया है बल्कि पहले से लागू व्यवस्था में सीमित बढ़ोतरी की गई है, जिसे जल्द ही रैशनलाइज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एंट्री टैक्स पिछले लगभग 30 वर्षों से लागू है और हालिया बढ़ोतरी मुख्य रूप से नेशनल हाईवे पर फास्टैग प्रणाली से इसे जोड़ने के कारण हुई है। मुख्यमंत्री के अनुसार इससे छोटी गाड़ियों पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है, जबकि बड़ी गाड़ियों पर करीब 40 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है, साथ ही 5 किलोमीटर के दायरे में छूट देने का प्रावधान भी किया जाएगा जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। इससे पहले, प्रश्नकाल के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि इस फैसले के कारण पड़ोसी राज्य पंजाब के साथ तनाव की स्थिति बन रही है और वहां के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के वित्त मंत्री की ओर से जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जिससे दोनों राज्यों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और हिमाचल के लोगों को दूसरे राज्य में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पंजाब सरकार से बातचीत कर समाधान निकालें, क्योंकि इसका व्यापक असर टैक्सी यूनियनों और आम लोगों पर पड़ रहा है। इस मुद्दे पर भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने भी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार को रैशनलाइजेशन से पहले ठेकेदारों और संबंधित पक्षों को विश्वास में लेना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि सीमा क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और कुछ स्थानों पर सीमा बंद करने की चेतावनी भी दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने दोहराया कि एंट्री टैक्स कोई नई व्यवस्था नहीं है और इसका असर छोटी गाड़ियों पर नहीं पड़ेगा।

# एशियाई खेलों के चयन पर नजर, कोमालिका दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त

☐ कोमालिका विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज हैं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए किया प्रेरित, कोमालिका का मानना है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स से जनजातीय क्षेत्रों से कई प्रतिभाएं आ सकती हैं सामने, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्सः महिला हॉकी में मिजोरम और ओडिशा पहुँचे फाइनल में

**परियोजना**

☐ प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पहले चरण का करीब 95 प्रतिशत निर्माण कार्य संपन्न हो गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** साल 2021 में जब कोमालिका बारी ने अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया, तब जमशेदपुर की इस खिलाड़ी से काफी सारी उम्मीदें जुड़ गई थीं। हालांकि, जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में उनका सफर उतना आसान नहीं रहा। कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई हैं। अब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, ऐसे में कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पुणे में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं। कोमालिका ने साई मीडिया को कहा कि, मैं फिलहाल टॉप-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही, मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं, जबकि अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता की प्रमुख आकर्षण हैं। कोमालिका ने आगे कहा कि, मेरा अंतिम लक्ष्य (2028) ओलंपिक है। इस समय मेरा प्रशिक्षण काफी अच्छा चल रहा है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है, क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। वह अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहती हैं, मेरी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि उतार- चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।





## कोमालिका ने 12 साल की उम्र में पहली बार धनुष-बाण उठाया

**मैच** अनुभव हासिल करने के अलावा वह अधिक से अधिक जनजातीय बच्चों को इस खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहती हैं। कोमालिका ने 12 साल की उम्र में पहली बार धनुष-बाण उठाया। उन्हें उनकी मां, जो एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, का पूरा समर्थन मिला। उनकी मां ही उन्हें बिरसानगर में स्थानीय तीरंदाजी कोच के पास लेकर गईं, जहां से उनके करियर की शुरूआत हुई। साल 2012 में कोमालिका ने अपने शुरूआती संघर्षों का सामना करना शुरू किया। शुरूआती दिनों में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि वे अभ्यास के लिए धनुष खरीद सकें, इसलिए उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बांस से बने अस्थायी धनुष का सहारा लिया। प्रशिक्षण शुरू करने के चार साल बाद कोमालिका ने जमशेदपुर स्थित टाटा आर्चरी अकादमी में प्रवेश लिया और कोच धर्मेंद्र तिवारी तथा पूर्णिमा महतो के मार्गदर्शन में अभ्यास शुरू किया। लेकिन देश की इस प्रतिष्ठित अकादमी तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था, क्योंकि उन्हें अपने बिरसानगर स्थित घर से रोजाना 18 किलोमीटर साइकिल चलाकर वहां पहुंचना पड़ता था।

वह कहती हैं, जब मैंने तीरंदाजी शुरू की थी, तब मेरे कई सीनियर खिलाड़ी थे जिन्हें मैं रोल मॉडल मानती थी। हमें उन्हें आमतौर पर सिर्फ प्रतियोगिताओं के दौरान देखने का मौका मिलता था और इससे हमें काफी प्रेरणा मिलती थी। उन्होंने आगे कहा कि, यही एक बड़ा कारण है कि मैं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रही हूं। मैं चाहती हूं कि लोग मुझे खेलते हुए देखें और आगे आकर भाग लेने के लिए प्रेरित हों। अभी भी कई लोग भाग नहीं ले रहे हैं, लेकिन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स एक बहुत अच्छा मंच है, जो प्रेरणा और अवसर दोनों प्रदान करता है।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्सः महिला हॉकी में मिजोरम और ओडिशा पहुँचे फाइनल में



**रायपुर।** 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में महिला हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले आज सोमवार को उत्साह और रोमांच के बीच खेले गए। पहले सेमीफाइनल मैच में मिजोरम की टीम ने झारखंड को कड़े मुकाबले में 3-2 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। दोनों टीमों के बीच मैच बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें मिजोरम ने अंत तक बढ़त बनाए रखी। दूसरे सेमीफाइनल मैच में उड़ीसा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को 8-0 से हराया। उड़ीसा की टीम ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। इन परिणामों के साथ मिजोरम और उड़ीसा की टीमें अब फाइनल में आमने-सामने होंगी, जहाँ खेल प्रेमियों को खिताब के लिए रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

**खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026: पुरुष भारोत्तोलन 88 किग्रा वर्ग में अरुणाचल के रुबा ताडु बने चैंपियन**

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 प्रतियोगिता में 88 किलोग्राम वर्ग पुरुष भारोत्तोलन में अरुणाचल प्रदेश के रुबा ताडु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 274 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रुबा ताडु ने स्नैच में 117 किग्रा तथा क्लीन एंड जर्क में 157 किग्रा वजन उठाकर शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया।

# बिहार में बिजली दरों पर सियासत तेज, तेजस्वी का वादाखिलाफी का आरोप

**साधा निशाना**

☐ नीतीश-भाजपा फिर पलटी मार गई और जनता से अधिक बिजली शुल्क वसूलने की तैयारी कर रही हैः तेजस्वी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार में 1 अप्रैल से बिजली दरों में संभावित बड़े बदलाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला बोला है और चुनावी वादों से पीछे हटने का आरोप लगाया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली सरकार अब महज चार महीने में ही अपने वादे से पलट गई है।



उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नीतीश-भाजपा फिर पलटी मार गई और जनता से अधिक बिजली शुल्क वसूलने की तैयारी कर रही है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने दावा किया कि नई प्रस्तावित दरों के अनुसार शाम 11 बजे तक के सर्वाधिक खपत वाले 6 घंटों के लिए 8.10 रुपये प्रति यूनिट, रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक के 10 घंटों के लिए 7.10 रुपये प्रति यूनिट और शेष 8 घंटों के लिए 5.94 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिल लिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि 10 हजारिया के फेर में फौरी तौर पर खुश होकर वोट गिरवी रखने वालों को यह सरकार अभी इससे भी बुरे दिन दिखाएगी। नई सरकार के अभी 4 महीने ही हुए है, सरकार का खजाना एकदम खाली है और जो बचा-खुचा है उसे भ्रष्ट अधिकारी स्वयं समेट लेंगे।

# लोकसभा में फिर उठाई सांसद हेमा ने ब्रज के समग्र विकास की आवाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** लोकसभा में मथुरा ब्रज के समग्र विकास को लेकर भाजपा सांसद हेमामालिनी ने शनिवार जोरदार तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने ब्रज क्षेत्र को एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार से विशेष पैकेज की मांग की। अपने सम्बोधन की शुरूआत सांसद ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा उनके नेतृत्व में मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हुए हैं। सांसद ने कहा, आज मथुरा को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिल रही है। जिससे देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से वृन्दावन में बढ़ती भीड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में ही यहां भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद यह संख्या और तेजी से बढ़ेगी। पर्यटन विकास के मुद्दे पर बोलते हुए हेमा मालिनी ने कहा कि मथुरा और वृंदावन के घाटों व मंदिरों के आसपास आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने घाटों के सौंदर्याकरण, साफ-सफाई और सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देने की मांग की, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके।

**विशेष पैकेज**

☐ साफ-सफाई और सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देने की मांग की, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वह विधानसभा में पटना के बांकीपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा किया, "बांकीपुर और बिहार के मेरे सभी परिवारजन एवं कार्यकर्ता साथी, जनवरी 2006 में पिताजी के आकस्मिक निधन के बाद पार्टी ने मुझे पटना पश्चिम से उपचुनाव लड़ने का अवसर दिया और दिनांक 27 अप्रैल 2006 को मैं पहली बार पटना पश्चिम क्षेत्र से निर्वाचित होकर सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। पिछले 20 वर्षों में पिताजी, स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा द्वारा बनाए गए इस क्षेत्र को पारिवारिक भाव से सींचने, संवारने और विकास के पटल पर आगे ले जाने का निरंतर प्रयास किया है।" उन्होंने लिखा, "मैंने सदैव अपने क्षेत्र और बिहार के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य किया । इसी का प्रतिफल है कि यहां की देवतुल्य जनता ने मुझे लगातार पांच बार सदन में अपना प्रतिनिधि चुनकर सेवा का सौभाग्य प्रदान किया। सदन के अंदर हो या सदन के बाहर, दोनों ही स्थानों का उपयोग मैंने अपने क्षेत्र और बिहार की जनता की आवाज उठाने और उनकी समस्याओं के समाधान का मार्ग निकालने के लिए किया। बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में मुझे सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई वरिष्ठ विधायकों से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। मैंने अपने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण विषयों का समाधान जनता और कार्यकर्ताओं के सुझावों से ही निकाला है।" नवीन ने लिखा, "माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में पार्टी ने जब मुझे बिहार सरकार के मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया।

**भावुक हुए**

☐ मैंने सदैव अपने क्षेत्र और बिहार के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कियाः नवीन

# सपा और पीडीए मिलकर 2027 में बनाएगी सरकार, घबराई हुई है भाजपाः शिवपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** सपा और पीडीए मिलकर 2027 में सरकार बनाएंगे, जिसे लेकर भाजपा पूरी तरह घबराई हुई है। भाजपा केवल पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है और प्रदेश व देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा ने अब तक सिर्फ लूट का काम किया है, जिसका जवाब जनता आगामी चुनाव में देगी। यह बातें शनिवार को होली-ईद मिलन समारोह में पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहीं।

कानपुर के चुन्नीगंज स्थित जीआईसी ग्राउंड में सपा विधायक नसीम सोलंकी द्वारा होली-ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और जौनपुर की मछलीशहर सीट से विधायक डॉ. रागिनी सोनकर शामिल रहीं। इस दौरान विधायक नसीम सोलंकी ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में शिवपाल यादव ने कहा कि यदि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है तो जनता को लाइनों में क्यों लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर एलपीजी गैस समय पर उपलब्ध कराई जा रही है। तो गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें क्यों दिखाई दे रही हैं।

# ग्रेटर नोएडा में सजेगा कौशल का महाकुंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीए) द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में आयोजित होने वाली देश की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता, 'इंडियास्किल्स नेशनल कॉम्पिटिशन 2025-26', का भव्य आयोजन रविवार को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में होगा। उत्तर प्रदेश में इस बड़े आयोजन को सफल बनाने में योगी सरकार का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य सरकार प्रदेश को स्किल डेवलपमेंट का हब बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है और इस तरह के आयोजनों से युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। यह द्विवार्षिक प्रतियोगिता देश के प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी दक्षता प्रदर्शित करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं के लिए तैयार करने का एक अद्वितीय मंच प्रदान करती है।



राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पहले असम, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा और उत्तर प्रदेश की रीजनल प्रतियोगिता हो चुकी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के 40 प्रतिभागियों ने हुनर दिखाया था। इनमें से 16 प्रतिभागियों ने अलग-अलग मेडल अपने नाम किए थे। इंडियास्किल्स नेशनल कॉम्पिटिशन 2025-26 के अंतर्गत उद्घाटन समारोह 29 मार्च 2026 को दोपहर 3 से 5 बजे तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद प्रतियोगिता 30 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक इंडिया एक्सपो मार्ट के हॉल 9 से 12 में आयोजित होगी।

**एक्सपो मार्ट**

☐ प्रतियोगिता 30 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक इंडिया एक्सपो मार्ट के हॉल 9 से 12 में आयोजित होगी

# आधुनिक तकनीक के साथ संवेदनशीलता ही नई पुलिसिंग की पहचानः मुख्यमंत्री साय



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर मुख्य**मंत्री विष्णुदेव साय आज चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी में आयोजित उप निरीक्षक संवर्ग के दीक्षांत (पासिंग आउट परेड) समारोह में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस अवसर पर सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर संवर्ग के अधिकारियों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस सत्र में कुल 859 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूर्ण किया, जिनमें 54 सूबेदार, 528 उप निरीक्षक (जीडी), 02 उप निरीक्षक (कंप्यूटर), 01 उप निरीक्षक (रेडियो), 01 उप निरीक्षक (अंगुली चिन्ह), 68 उप निरीक्षक (एसबी) तथा 205 प्लाटून कमांडर शामिल हैं।

मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन सभी प्रशिक्षुओं के जीवन का एक यादगार पड़ाव है, जहाँ से वे राष्ट्र और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कठोर प्रशिक्षण के बाद प्राप्त यह उपलब्धि न केवल प्रशिक्षुओं के लिए, बल्कि उनके परिजनों और पूरे प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले वर्ष जब उन्होंने इन्हीं युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे, तब उनके पास प्रतिभा थी, और आज प्रशिक्षण के बाद उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का समावेश हो चुका है, जो उन्हें एक सफल अधिकारी बनाएगा। मुख्यमंत्री साय ने पुलिस सेवा को अत्यंत प्रतिष्ठित एवं जिम्मेदारीपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी प्रतिष्ठित सेवा का आधार सत्यनिष्ठा होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस का मूल दायित्व नागरिकों की रक्षा करना है।

**सुरक्षा का संकल्प**

☐ वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा का संकल्प और उससे जुड़ी प्रतिष्ठा का प्रतीक हैः सीएम

### अंबिकापुर (दरिमा) से दिल्ली और कोलकाता के लिए सप्ताह में दो-दो दिन संचालित होंगी उड़ानें

# मुख्यमंत्री साय ने अंबिकापुर-दिल्ली-कोलकाता हवाई सेवा का किया वर्चुअल शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबिकापुरः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के विमानन मानचित्र पर एक नया गौरवशाली अध्याय जोड़ते हुए अंबिकापुर (दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट) से दिल्ली और कोलकाता के लिए नियमित हवाई सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया। वहीं अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक साक्षी बने। मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में इस दिन को छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। दरिमा एयरपोर्ट से महानगरों के लिए विमान सेवा की लंबे समय से की जा रही मांग आज पूरी हुई है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेवा के प्रारंभ होने से अंबिकापुर, बिलासपुर, दिल्ली और कोलकाता के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और आवागमन सुगम बनेगा।

अंबिकापुर से दिल्ली तथा कोलकाता के लिए सप्ताह में दो-दो दिन उड़ान संचालित होगी, जिससे सरगुजा एवं बिलासपुर क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।



उन्होंने कहा कि इन उड़ानों के शुरू होने से अंबिकापुर, बिलासपुर, दिल्ली और कोलकाता के बीच कनेक्टिविटी बेहद मजबूत होगी। सप्ताह में दो-दो दिन इन सेवाओं के संचालन से सरगुजा और बिलासपुर संभाग के नागरिकों को अब सीधे देश की राजधानी और पूर्वी भारत के प्रमुख महानगर कोलकाता तक पहुंचने में आसानी होगी।

**आर्थिक और औद्योगिक विकास को मिलेगी गति**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ह्लविकसित छत्तीसगढ़ह्व के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है, जो विकसित भारत के अनुरूप है। हवाई सेवाओं का विस्तार इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत प्रदेश को लगातार लाभ मिल रहा है। हाल ही में रायपुर से रीवा के लिए भी विमान सेवा शुरू की गई है। एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि पिछले बजट में रायपुर एयरपोर्ट के विस्तार हेतु 39.80 करोड़ रुपये तथा जगदलपुर एवं दरिमा एयरपोर्ट के विकास हेतु 7.45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वर्तमान बजट में सीजी वायु योजना के तहत 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में हवाई सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में बिलासपुर एयरपोर्ट को ऑल वेदर ऑपरेशन की सुविधा मिली है और नाइट लैंडिंग और टेकऑफ की शुरूआत भी की गई है, जो राज्य के एविएशन सेक्टर की बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एविएशन सेक्टर राज्य के आर्थिक विकास और निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# श्रुति ने लिया उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

**तैयारी**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम के दौरान करोड़ों के विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 30 मार्च।** स्थानीय चौ. सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में 31 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित होने वाले उन्नत सिंचाई उत्सव कार्यक्रम को लेकर सिंचाई महिला एवं बाल विकास तथा जल संसाधन मंत्री चौधरी ने डीसी साहिल गुप्ता व अन्य अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर की गई सभी व्यवस्थाओं के बारे में बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम के दौरान करोंड़ों के विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। सूक्ष्म सिंचाई पर आधारित यह कार्यक्रम किसानों को पानी की बचत के प्रति जागरूक करेगा। इससे किसान कम पानी में भी अधिक पैदावार ले सकेंगे। यह कार्यक्रम किसानों की खुशहाली के नए द्वार खोलेगा।
केबिनेट मंत्री चौधरी ने हेलीपैड सहित कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने समारोह स्थल पर मुख्यमंत्री के मंच व लोगों के बैठने के लिए जगह का बारीकी से अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल बैरिकेटिंग, आमजन के आवागमन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्गों के माध्यम से आने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं हो, इसके लिए संबंधित अधिकारी पुख्ता प्रबंध करें। महिलाओं के लिए बैठने के लिए अलग से सेक्टर बनाएं जाएं। उन्होंने कहा कि उन्नत सिंचाई उत्सव कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे, जिसमें महिलाओं की बहुत बड़ी भागीदारी होगी।
वहीं दूसरी ओर डीसी साहिल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने भी सभी अधिकारियों के साथ अब तक की गई तैयारियों को बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मुख्य मंच, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था, स्टेज, मीडिया गैलरी आदि को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एडीसी बाबूलाल करवा, डीएमसी हरबीर सिंह, बीजेपी के संयोजक एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, एसडीएम तोशाम संदीप कुमार, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल, एसडीएम सिवानी विजया मालिक, सीटीएम अनिल कुमार, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, डीएसपी दलीप सिंह, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, बीडीपीओ अमित कुमार, एसएचओ महाबीर सिंह, एसईपीओ अजय कुमार, दिलबाग नीमड़ी, सरपंच राजेश कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**- मुख्यमंत्री तोशाम में करेंगे 107 करोड़ 61 लाख रूपए से अधिक की राशि की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 31 मार्च को उन्नत सिंचाई उत्सव कार्यक्रम के दौरान 10760.79 लाख रूपए से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें 1398.53 लाख रूपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व 9362.9 लाख रूपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री श्री सैनी लगभग 712.54 लाख रूपए की लागात से तैयार 33 केवी सब स्टेशन

## जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद (प्रदीप कुमार)** पुलिस ने दुकानदार से फोन लेकर पैसे ने देने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस
अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्ग-निर्देश में थाना शाहबाद पुलिस की टीम ने दुकानदार से फोन लेकर पैसे ने देने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी सुमित अरोड़ा वासी सैयदा मौहल्ला शाहबाद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में रिषभ वासी शाहबाद ने पुलिस को बताया कि उसकी शाहबाद मार्किट में मोबाईल की दुकान है। दिंनाक 11 नवम्बर 25 को उसका लड़का दुकान पर था उसी समय सुमितअरोड़ा वासी सैदा मौहल्ला शाहबाद दुकान पर आया उसके लडके से एक मोबाइल फोन लेकर चला गया और कहा कि पैसे उसके पापा को देगा। जब वह दुकान पर आया और



उसके लडके ने पूरी बात बताई तो उसने आरोपी को फोन किया तो आरोपी ने उसको मोबाईल के पैसे देने से मना कर दिया और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच की दिनांक 28 मार्च 26 को थाना शाहबाद के अंतर्गत हुडा चौंकी प्रभारी उप निरीक्षक कृष्ण कुमार के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार, संदीप कुमार व एसपीओ धर्मबीर की टीम ने दुकानदार से फोन लेकर पैसे ने देने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी सुमित अरोड़ा वासी सैदा मौहल्ला शाहबाद को गिरफ्तार कर लिया।

**न्यूज फ्लैश**

## सेंट पीटर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से किए घोषित




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** आज विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सुव्यवस्थित रूप से परिणाम वितरण की व्यवस्था की गई, जिसमें विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भाग लिया।
विद्यालय के प्राचार्य, विपिन शर्मा और रंजना शर्मा, ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
परिणाम वितरण के दौरान विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्राइज वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें विपिन शर्मा और रंजना शर्मा ने मिलकर विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, प्रशस्ति पत्र और विशेष पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार प्राप्त छात्रों ने अपने अभिभावकों के साथ इस खुशी के क्षण को साझा किया।
विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। इस प्रकार यह आयोजन विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए एक उत्साहपूर्ण और यादगार अनुभव साबित हुआ।

## संघर्ष, सेवा और समर्पण के प्रतीक रहे बाऊजी ओमप्रकाश जिंदल - पम्मी खेड़की

**रादौर, 30 मार्च (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव खेड़की ब्राह्मणान में भाजपा नेता पम्मी खेड़की के नेतृत्व में उद्योग, राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले बाऊजी ओमप्रकाश जिन्दल को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर पम्मी खेड़की ने बताया कि 7 अगस्त 1930 को हिसार के नलवा गांव में जन्मे जिंदल ने अपनी मेहनत और दूरदृष्टि से जिन्दल ग्रुप की स्थापना कर देश के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी। ऊर्जा मंत्री के रूप में उन्होंने हरियाणा में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का सपना देखा और उसे साकार करने में अहम भूमिका निभाई। पम्मी ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना की और बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। 31 मार्च 2005 को हेलीकॉप्टर हादसे में उनके निधन के बावजूद उनके सेवा और समर्पण के आदर्श आज भी लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। उनके पुत्र सांसद नवीन जिंदल उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।



## घर में घुसकर तोडफोड़ कर सामान चुराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** शहर के राजीवपुरम इलाके में एक मकान में घुसकर आरोपियों ने जमकर तोडफोड़ की और घर का सामान चोरी कर लिया। आरोपियों ने घर की टोंटियां उखाड़ ली और सीसीटीवी कैमरे भी तोडकर अपने साथ ले गए। घटना में करीब 40 हजार रुपए का नुकसान बताया गया है।

## संघर्ष, सेवा और संवेदना के प्रतीकः बाऊजी श्री ओम प्रकाश जिंदल जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** :दुनिया में कुछ महान व्यक्तित्व ऐसे होते है जिनका प्रभाव केवल उनके जीवनकाल तक सीमित नहीं रहता बल्कि वे पीढ़ियों तक समाज को दिशा और प्रेरणा देते रहते है बाऊजी श्री ओम प्रकाश जिंदल जी ऐसे ही युगद्दष्टा, कर्मयोगी और जननायक थे जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा, न्याय और मानवीय संवेदनाओं के लिए समर्पित कर दिया बाऊजी का मानना था कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नही बल्कि जनकल्याण और सामाजिक न्याय का सशक्त उपकरण है जब हरियाणा राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा था और देश स्वतंत्रता के चार दशक पार कर चुका था तब उन्होंने समाज की एक गंभीर सच्चाई को महसूस किया उन्होंने देखा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की भावना के अनुरूप अभी भी दलितों, पिछड़ों, वंचितों और किसानों को उनका पूर्ण अधिकार और सम्मान नहीं मिल पाया है यही सोच उन्हें सक्रिय राजनीति में लेकर आई कुरुक्षेत्र की पावन भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाते हुए बाऊजी ने वर्ष 1996 में जनता का विश्वास जीतकर संसद में प्रवेश किया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप)**
गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित अभिभावक-अध्यापक सम्मेलन में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी ने की और संचालन इतिहास प्राध्यापक मुकेश खंडवाल ने किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य, प्राध्यापक डॉ. सुभाष चन्द, अरुण कुमार कैहरबा, विनोद भारतीय, बलविन्द्र सिंह, सतीश राणा, दिनेश कुमार, सलिन्द्र मंढ़ाण, संजीव कुमार, विवेक शर्मा, राजेश कुमार, राजेश सैनी, सन्नी चहल, बलराज कांबोज, विनोद कुमार, स्वर्णजीत कौर, महेश कल्याणी, निशा कांबोज, अश्वनी कांबोज, नरेश मीत, बलिन्द्र कुमार, सोमपाल, संगीता, मीना सहित सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा नौवीं ए में अंशिका व जशन कुमार ने पहला, कृतिका ने दूसरा व राशि कांबोज व दिव्यांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं-बी में जैसमीन ने पहला, रीतिका ने दूसरा और ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं-सी में आरूषी ने पहला, निधि ने दूसरा व नव्या व कन्हैया लाल ने तीसरा स्थान पाया। कक्षा-11वीं-ए में साक्षी, राहुल व सिमरण ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाया। 11वीं-बी में भावना ने पहला, सानिया व साक्षी ने दूसरा तथा मनप्रीत, आरती देवी व हर्षित ने तीसरा स्थान पाया। कक्षा 11वीं-सी कॉमर्स में निष्ठा बत्रा पहले, साक्षी देवी दूसरे व रीतू तीसरे स्थान पर रही। कक्षा 11वीं-डी नॉन मेडिकल में अनुष्का शर्मा, लविशा व शगुन तथा कक्षा 11वीं-ई मेडिल में रीतिक, मन्नत व रजनी ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।
कक्षा छठी ए में पृषा कांबोज ने पहला, प्रतिभा ने दूसरा व लक्ष्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छठी-बी में प्रत्यक्ष कुमार ने पहला, कनम ने दूसरा तथा आदित्य व आशीष ने तीसरा स्थान पाया।

## जिले में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी गैस पर्याप्त, नागरिकों को घबराने की जरूरत नहींः अपार

**भिवानी, वंदना शर्मा**
**भिवानी, 30 मार्च।** जिला भिवानी में पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर ईंधन व एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। नागरिकों को किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नही है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ से बचें। डीसी साहिल गुप्ता के निर्देश पर खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने जिला व जिला में विभिन्न खंड स्तर पर सहायता नंबर जारी किए हैं। नागरिक किसी भी प्रकार की जानकारी यहां से ले सकते हैं।
वहीं कालाबाजारी को रोकने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।
जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 233 पेट्रोल पंप तथा 27 गैस एजेंसियां संचालित हैं। सभी पेट्रोल पंपों पर प्रतिदिन लगभग 188 किलोलीटर पेट्रोल और 589 किलोलीटर डीजल की खपत हो रही है। वहीं पेट्रोल का करीब 973 किलोलीटर और डीजल का 1849 किलोलीटर स्टॉक उपलब्ध है, जो मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।
इसी प्रकार गैस एजेंसियों पर प्रतिदिन लगभग 6900 एलपीजी सिलेंडरों की आवक हो रही है, जबकि लगभग 5800 सिलेंडरों की खपत हो रही है। इससे स्पष्ट है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनाधिकृत प्रयोग को रोकने के लिए जिला स्तर पर प्रदीप कुमार, जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह 7 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** इग्नू के 39वें दीक्षांत समारोह के संबंध में क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह दिनांक 7 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय, मैदान गढ़ी में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर इग्नू मुख्यालय पर भारत के उप राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।
डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इस वर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के सभी क्षेत्रीय केंद्रों पर एक साथ किया जाएगा।

## मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं आनी दी जाएगीः गणेश दत्त



**लाडवा, 30 मार्च (विजय कौशिक)** मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश दत्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी खरीद सीजन वर्ष 2026-27 के दौरान अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।
वह फसल खरीद से जुड़ी अन्य एजेंसियों के अधिकारियों, आढ़तियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने रबी खरीद सीजन के दौरान किये गए प्रबंधो की समीक्षा भी की। उन्होंने बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी रबी के दौरान राज्य की मंडियों में आने वाले खाद्यान्नों की खरीद सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। आगामी 1 अप्रैल, 2026 से गेहूं की खरीद शुरू की जा रही है। उन्होंने ने बताया कि राज्य में रबी की फसलों के खरीद कार्य को सुचारू तथा पारदर्शी रूप से चलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा

**बैठक**

**सल खरीद से जुड़ी अन्य एजेंसियों के अधिकारियों, आढ़तियों के साथ बैठक की**

चालित विभिन्न पोर्टलो में कई सुधार किये गये हैं। इनमें राज्य के सभी किसान जो अपनी फसल बेचने के लिए जिस किसी वाहन को मंडियों में लेकर आएंगे उन वाहनों पर वाहन नम्बर स्पष्ट लिखा होना अनिवार्य किया गया है। इस वर्ष सभी मंडियों में खरीद कार्य के लिए जिओ-फेंसड किया गया है। किसानों की आवक के सभी गेट पास ई-खरीद मोबाइल एप से काटे जाएगें। इसी प्रकार , इस वर्ष किसानों की उपज की बोली के समय "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर पंजीकृत किसान या उसके तीन प्रतिनिधियों में से किसी एक का बायोमेट्रिक सत्यापन होना आवश्यक है।

## सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने लगाया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने सोमवार को एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला के जन्म दिवस पर किया गया। शिविर में 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला ने रक्तदाता को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। कैंप की अध्यक्षता कुंटिया अध्यक्षा रजवंत कौर ने की। अतिथियों का शिविर में पधारने पर समिति के प्रधान रामेश्वर सैनी, उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, महिला कॉर्डिनेटर अविनाश कौर, प्रवक्ता तरुण वधवा व सदस्य अमित ने स्वागत किया।




रक्तदान कैंप में रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पवन रोहिला ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बड़ा कोई दान नही है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करके जरूरतमंद की अवश्य जान बचाने का प्रयास करना चाहिए। कहा कि रक्तदाता ही समाज की सच्चे सेवक है। कुंटिया अध्यक्षा रजवंत कौर ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसे फैक्ट्री में तैयार नहीं किया जा सकता और न ही किसी दुकान से खरीदा जा सकता है। इंसान ही रक्त का दान करके जरूरतमंद इंसान की जान बचा सकता है।
उन्होंने सभी रक्तदातों को रक्तदान करने के लिए बधाई एवं शभकामनाएं दी। संस्था के प्रधान रामेश्वर सैनी व उपाध्यक्ष कर्मवीर ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आती बल्कि शरीर स्वस्थ हो जाता है।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर स्वामी जी का जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जी का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से श्री दिगम्बर जैन मंदिर नजदीक ब्रह्मसरोवर में मनाया गया इस अवसर पर श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी की पूजा के पश्चात महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गई !
सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर धर्म चन्द्र जैन ने की मंदिर के हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें भगवान महावीर से संबंधित नाटक नृत्य प्रश्नोत्तरी द्वारा जानकारी दी गई !
सर्व प्रथम श्री दिगम्बर जैन सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान, डॉक्टर धर्म चंद्र जैन ने उपस्थित सदस्यों का




स्वागत किया एवं श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जी का जन्मोत्सव मानाने की सार्थकता को समझाते हुए भगवान महावीर का संक्षिप्त परिचय दिया । जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। आपने हिंसा, पशुबलि, जाति- पाती के भेदभाव चीजों के खिलाफ आवाज उठाई। आप ने अहिंसा का भरपूर प्रचार किया। ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुण्डलपुर में क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल तेरस को वर्द्धमान का जन्म हुआ। यही वर्द्धमान बाद में स्वामी महावीर कहलाये। महावीर को 'वीर', 'अतिवीर' और 'सन्मति' भी कहा जाता है। वर्द्धमान महावीर ने चातुर्याम धर्म में ब्रह्मचर्य जोड़कर पंच महाव्रत रूपी धर्म चलाया। उन्हें अनुभव हो गया था कि इन्द्रियों का सुख, विषय-वासनाओं का सुख, दूसरों को दुःख पहुँचा करके नही पाया जा सकता है। 30 वर्ष की उम्र में वर्द्धमान ने श्रामणी दीक्षा ली। अधिकांश समय वह ध्यान में ही मग्न रहते थे। धीरे-धीरे उन्होंने पूर्ण आत्मसाधना द्वारा मुक्ति प्राप्त कर ली थी। वर्द्धमान महावीर ने 12 साल तक मौन तपस्या की और तरह-तरह के कष्ट झेले। अन्त में उन्हें 'केवलज्ञान' प्राप्त हुआ। केवलज्ञान प्राप्त होने के बाद भगवान महावीर ने जनकल्याण के लिए उपदेश देना शुरू किया। भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग,संयम, प्रेम, करुणा, शील और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार था। देश के भिन्न-भिन्न भागों में घूमकर भगवान महावीर ने अपना पवित्र संदेश फैलाया। भगवान महावीर ने 72 वर्ष की अवस्था में ईसापूर्व 527 में पावापुरी (बिहार) में कार्तिक (आश्विन) कृष्ण अमावस्या को निर्वाण प्राप्त किया।हमारा जीवन धन्य हो जाए यदि हम भगवान महावीर के इस छोटे से उपदेश का ही सच्चे मन से पालन करने लगें कि संसार के सभी छोटे-बड़े जीव हमारी ही तरह हैं।

## डीसी ने अनाज मंडियों का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**नितिन सिंगला जगाधरी**
सोमवार को उपायुक्त प्रीति ने प्रतापनगर, छछरौली, सरस्वतीनगर व रादौर की अनाज मंडियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडियों में पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी प्रीति ने आढ़तियों व किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना। उन्होंने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए तथा मंडी में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए।



उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा एक अप्रैल से प्रदेश में गेहूं की खरीद शुरू होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 में गेहूं की एमएसपी 2585 रुपये निर्धारित की गई है। उपायुक्त ने कहा कि 24 घंटे में खरीदी गई गेहूं का उठान हो। उन्होंने कहा कि किसान का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े ऐसे प्रबंध सभी अनाज मंडियों में किए जाएं।

# पीएम मोदी महिलाओं के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध: असीम कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारत विकास परिषद की कर्ण शाखा की ओर से डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में नारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में राज्यपाल असीम कुमार घोष ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 20 महिलाओं को सम्मानित किया।

समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आयोजकों ने ऐसी महिलाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया, जिन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ समाज के विकास के लिए अहम योगदान दिया है। समाज का यह दायित्व है कि वह महिलाओं की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करे।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। भारत विकास परिषद ने समाज हित में बहुत कुछ किया है। वे संगठन से अपेक्षा करते हैं कि कर्तव्यों का पालन करते हुए पड़ोसी जिलों की महिलाओं के कल्याण में भी योगदान दे।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज को कुछ देने की सोच को जन्म देती है। समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है। कोई पार्षद, मेयर तो कोई विधायक व मंत्री अथवा मुख्यमंत्री बना। राजनीतिक तौर से हट कर देखें तो समाज में बड़े-बड़े औद्योगिक घराने और उद्योगपति भी हैं।



अनेक लोग समाज सुधार के कार्य में भी जुटे हैं। हम समाज को क्या लौटा रहे हैं यह भारत विकास परिषद जैसी संस्थाओं से सीखना चाहिए।

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए किए गए कार्यों के लिए भारत विकास परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भी चाहते हैं कि और अधिक महिलाएं आगे आएं। उन्होंने सम्मानित हुई महिलाओं को शुभकामनाएं व बधाई दी।

राज्यपाल ने इस मौके पर अदिति शर्मा, नीलू सैनी, रिचा चावला, डा. सुजाता शर्मा, एष्णा कल्याण, अंजू चौधरी, ऋषिका कुकरेजा अरोड़ा, नीलम मदान, विभा चुघ, नेहा खंडूजा, रोनी रमन, तूलिका गर्ग, डा. आशिमा गक्खड़, संजोली बनर्जी, दीक्षा गोयल, डा. कीर्ति गुप्ता, शशि आर्या, डा. एकता अरोड़ा, अनीता सिंह और कविता को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता भारत विकास परिषद की क्षेत्रीय महिला सहभागिता प्रमुख ने की। इस मौके पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, हरियाणा वेलफेयर सोसायटी (वाक उवं श्रवण बाधित) की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, एचएसएससी के सदस्य कपिल अत्रेजा, निदेशक ओपीएस विद्या मंदिर ईशा बंसल, अखिल भारतीय कश्यप राजपूत पंजाबी वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप भारद्वाज ज्योति चौधरी, जिला परिषद के सीईओ अमित, बीडीपीओ सोमवीर खटकड़ आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 1 अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद, मेवात मंडियों में तैयारियां पूरी



**संवाददाता नूह मेवात**

**नूंह मेवात (लियाकत अली):** मेवात क्षेत्र की अनाज मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। प्रशासन और संबंधित विभागों ने खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा।मंडी अधिकारियों के अनुसार खरीद केंद्रों पर साफ-सफाई, तौल कांटे, बारदाना और पेयजल जैसी सुविधाओं की व्यवस्था कर ली गई है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। साथ ही किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली को भी सक्रिय किया गया है।प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को साफ-सुथरी और सूखी अवस्था में ही मंडी में लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। इसके अलावा, मंडियों में भीड़भाड़ से बचने के लिए किसानों को निर्धारित समय के अनुसार ही अपनी फसल लाने की सलाह दी गई है।किसानों में इस बार अच्छी पैदावार को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और उन्हें उम्मीद है कि सरकारी खरीद से उन्हें बेहतर लाभ मिलेगा। वहीं, प्रशासन का दावा है कि पूरी पारदर्शिता और तेजी के साथ खरीद प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पीएनजी के लीज रेट में भारी कटौती करने का किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 30 मार्च(बिजेंद्र सिंह)।**



आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने भाजपा सरकार द्वारा पीएनजी पाइपलाइन कंपनियों के लिए लीज रेट में भारी कटौती के फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होने कहा कि सरकार ने पहले 3 लाख रुपए प्रति किलोमीटर प्रति वर्ष का लीज रेट घटाकर मात्र 1000 रुपए एकमुश्त करने की घोषणा की है। डॉ. सुशील गुप्ता ने इसे 99 प्रतिशत से अधिक की कटौती बताते हुए कहा कि प्रदेश की नायब सिं सैनी सरकार आपदा को अवसर मानकर सरकारी राजस्व को अरबों रुपए प्रतिवर्ष का नुकसान पहुंचा रही है और निजी कंपनियों की तिजोरी भर रही है। सुशील गुप्ता सोमवार को सेक्टर 25 स्थित आप जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डा. सुशील गुप्ता ने आरोप लगाया कि कौडियों के भाव सरकारी जमीन देकर किसके चहेतों को फायदा पहुंचाया जा रहा है? और प्रदेश की आम जनता को इससे क्या फायदा होने वाला है? जिस प्रोजेक्ट से राज्य को हर साल करोड़ों का स्थायी राजस्व मिलना था, उसे एक बार के मामूली शुल्क में क्यों समेट दिया गया? वहीं डा. सुशील गुप्ता ने सवाल उठाया कि क्या इस रियायत से आम जनता को पीएनजी के दाम कम मिलेंगे? अगर नहीं, तो यह छूट केवल कुछ विशेष कृपा पात्र कंपनियों के मुनाफे के लिए क्यों? डॉ. सुशील गुप्ता ने मांग की कि हरियाणा सरकार इस फैसले से होने वाली संभावित राजस्व हानि का पूरा डेटा सार्वजनिक करे और श्वेत पत्र जारी कर पारदर्शिता सुनिश्चित करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया और उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई, तो आम आदमी पार्टी सडकों पर उतरकर जनता के हक की लड़ाई लड़ेगी। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार का यह फैसला सबका साथ-सबका विकास नहीं, बल्कि चहेतों का साथ और जनता का विनाश है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत,अजय सिंगला, जस्सा कादियान, सुखबीर मलिक व डा. नरेंद्र जेसिया आदि मौजूद रहे।

# 10 रुपए की राहत या महंगाई का नया जाल: पराग गाबा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** देश आज एक ऐसे आर्थिक मोड़ पर खड़ा है, जहां सच्चाई और दिखावे के बीच का फर्क समझना बेहद जरूरी हो गया है। हाल ही में सरकार द्वारा यह घोषणा की गई कि अब पेट्रोल पंपों पर केरोसिन (मिट्टी का तेल) भी मिलेगा। जिला कांग्रेस की शहरी ईकाई के अध्यक्ष पराग गाबा ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या यह संकेत है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की कहीं न कहीं कमी पैदा हो रही है? क्या सरकार आने वाले संकट को छुपाने की कोशिश कर रही है?

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। 1 मार्च को डॉलर 91.06 रुपए था, जो अब 94.86 रुपए तक पहुंच गया है। सिर्फ 27 दिनों में 3.80 रुपए की गिरावट यानी करीब 4.17 प्रतिशत की कमजोरी। यह कोई मामूली बात नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था पर बढ़ते दबाव का साफ संकेत है। पराग गाबा ने कहा कि सरकार पेट्रोल पर 10 रुपए एक्साइज ड्यूटी घटाकर राहत देने की बात कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह राहत सिर्फ दिखावे की है। भारत अपना लगभग

**उठाए सवाल**

**क्या यह संकेत है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की कहीं न कहीं कमी पैदा हो रही है?**

85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है और भुगतान डॉलर में करता है। जब डॉलर महंगा हो रहा है, तो तेल अपने आप महंगा पड़ता है। ऐसे में एक तरफ 10 रुपए की राहत दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ रुपया गिरने से महंगाई चुपचाप लोगों की जेब पर हमला कर रही है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि यह वैसा ही है जैसे एक हाथ से जनता को राहत दी जाए और दूसरे हाथ से उससे कहीं ज्यादा वसूली कर ली जाए। पेट्रोल सस्ता दिखेगा, लेकिन ट्रांसपोर्ट, गैस, दवाइयां और रोजमर्रा की चीजें महंगी होती जाएंगी और आम आदमी को इसका एहसास धीरे-धीरे होगा। पराग गाबा ने कहा कि 10 रुपए की कटौती से सरकार के राजस्व पर बड़ा असर पड़ेगा। तेल से मिलने वाली एक्साइज ड्यूटी सरकार की कमाई का बड़ा हिस्सा है।

# पंचकूला शतरंज चैंपियनशिप 2026 में उभरी नन्हे खिलाड़ियों की प्रतिभा, विजेताओं को ट्रॉफी व सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/मैनपाल**

पंचकूला शतरंज चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन रविवार को सेक्टर-8 स्थित टिंकरबेल परिसर में पंचकूला शतरंज संघ के सहयोग से उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता, धैर्य और रणनीतिक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि ज्ञान चंद गुप्ता (हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष) और श्री श्री 108 स्वामी संपूणानंद जी महाराज ब्रह्मचारी रहे। उनके साथ कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप गोयल (अध्यक्ष, द चेस एसोसिएशन पंचकूला), हरीश कुमार सचिव, , टोनी गुप्ता ( जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, पंचकूला, नरेश





शर्मा (सचिव, कैरम एसोसिएशन हरियाणा) तथा गुरदीप खोखर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान मुकाबले अनुभवी निर्णायकों की देखरेख में पूरी अनुशासन, पारदर्शिता और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए गए। खिलाड़ियों ने प्रत्येक चाल में गजब का संयम, एकाग्रता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना दिखाई, जिसने दर्शकों और आयोजकों को प्रभावित किया। आयोजन ने यह साबित किया कि पंचकूला के बच्चों में शतरंज जैसी बौद्धिक खेल विधा के प्रति गहरी रुचि और उत्कृष्ट प्रतिभा मौजूद है।

विजेताओं को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी, पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंडर-9 वर्ग में एकाक्ष वर्मा ने प्रथम, ध्रुव वत्स ने द्वितीय और सक्षम वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-13 वर्ग में आरव

**प्रभावशाली**

**अपनी बौद्धिक क्षमता, धैर्य और रणनीतिक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया**

डिमरी प्रथम, तनमय द्वितीय और पुलक गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। वहीं ओपन वर्ग में नरेन गुप्ता ने प्रथम, साहिल गर्ग ने द्वितीय और तेजस राय अग्रवाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालिकाओं की प्रतिभा ने भी प्रतियोगिता में विशेष आकर्षण पैदा किया। अंडर-9 वर्ग में अर्नया धीर, अंडर-13 वर्ग में द भारत स्कूल की कृतिका तथा ओपन वर्ग में शिरीन मकरू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष प्रशंसा दी गई।

## 50 बोतल हथकढ़ी शराब सहित आरोपी काबू

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** अवैध शराब तस्करों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक आरोपी को 50 बोतल हथकढ़ी शराब सहित काबू कर लिया गया। बाइक पर सवार होकर आए संदिग्ध आरोपी डेरा कक्हेड़ी निवासी रणजीत सिंह को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक कैनी में 50 बोतल हथकढ़ी शराब बरामद हुई।

# नूंह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह के वार्ड नंबर 3 स्थित केला गोदाम के पास संचालित सनराइज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम की घोषणा के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। स्कूल के संचालक माजिद खान और प्रिंसिपल वकील अहमद ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो संस्था के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों





की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। स्कूल में वर्तमान में करीब 1100 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नूंह बार एसोसिएशन के प्रधान मकसूद अहमद उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चंदेनी गांव के सरपंच वसीम अहमद ने शिरकत की। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के परिणाम क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक हैं।

# एसडीएमने सुनी आमजन की शिकायतें

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला-चीका।** सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने आमजन की शिकायतें व समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से आमजन की शिकायतों का समाधान करवाया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों की शिकायतों व समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनें और उनका उचित समाधान करना सुनिश्चित करें। आमजन को उनकी शिकायतों के सामधान के बारें में सही जानकारी दें। बेवजह आमजन को कार्यालय के चक्कर न लगवाएं।

एसडीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी एक स्थान पर ही मौजूद रहते हैं, जिससे आमजन



को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग विभागों में नहीं जाना पड़ता है। इसके अलावा आमजन को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी भी एक ही जगह पर उपलब्ध होती है। नागरिक समाधान शिविर में बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, आधार कार्ड, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल आदि से संबंधित समस्याएं रख सकते हैं। प्रशासन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने व आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। यह समाधान शिविर सप्ताह में दो बार आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि उनके कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं।

# 12वीं कक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम रहने वाले छात्र हर्षदीप के परिजन को सौंपा एक लाख रुपए का चैक

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने सोमवार को गत वर्ष 12वीं कक्षा में हरियाणा में प्रथम स्थान पर रहे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्यो माजरा के छात्र हर्षदीप के परिजन को एक लाख रुपए का चैक भेंट किया। हर्षदीप किसी घरेलू कार्य से अपने गांव से बाहर था, जिसके चलते वह मौके पर नहीं पहुंच सका और उसके पिता व एक अन्य परिजन ने चैक प्राप्त किया। एसडीएम ने बताया कि पिछले वर्ष जब 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ था, उसी दिन छात्र हर्ष दीप के हरियाणा में प्रथम रहने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर्ष दीप व उसके परिजनों से बातचीत कर बधाई भी दी थी और



एक लाख रुपए स्कोलरशीप देने की घोषणा भी की थी। इसी के चलते आज एसडीएम ने अपने उपमंडल कार्यालय में छात्र हर्षदीप के परिजनों को एक लाख रुपए का चैक भेंट किया। एसडीएम ने कहा कि हर्षदीप के पूरे हरियाणा में प्रथम आने पर क्षेत्र के बच्चों को काफी प्रेरणा मिली है। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा शिक्षा की ओर अपने कदम बढ़ाएं और अपने अपने गांव, जिला, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## संपादकीय

# विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनेगा जेवर एयरपोर्ट

**उत्तर** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व विकास योजनाओं के लोकार्पण की लहर चल रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) राष्ट्र को समर्पित किया। यह एयरपोर्ट आधुनिकतम सुविधाओं का अद्भुत संगम होगा। यहां से पहली उड़ान उत्तर प्रदेश सरकार के विमान ने भरी, जिसमें प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यात्री बने। इस एयरपोर्ट से चार सप्ताह बाद यात्रियों के लिए नियमित उड़ानें प्रारंभ हो जाएंगी। नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना का प्रस्ताव 2001 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रखा था किंतु निहित राजनीतिक कारणों से यह अधर में लटका रहा। इस प्रकार इस परियोजना के प्रथम चरण के ही पूर्ण होने में 25 वर्ष लग गए, जिस कारण उत्तर प्रदेश के साथ साथ दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का विकास भी अटका रहा। जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के साथ ही विकसित यूपी और विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। यूपी अब देश के सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के पूर्व ही केंद्र सरकार ने उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी प्रदान की है जिसके अंतर्गत 100 नए एयरपोर्ट व 200 नये हेलीपैड बनेंगे जिसके लिए 29,000 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का सपना है कि हवाई चप्पल वाले भी हवाई यात्रा का सुगम आनंद ले सकें और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उड़ान 1.0 योजना में 1.6 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की है।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए सबका प्रयास जरूरी है इस परियोजना के लिए किसानों ने भी अपनी जमीन दी है।आधुनिक कनेक्टिविटी का जो विस्तार हो रहा है उसे पश्चिम यूपी में फूड प्रोसेसिंग को बल मिलेगा और यहां के कृषि उत्पाद दुनिया के बाजारों में और बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगे।

**जेवर एयरपोर्ट की अहम विशेषताएंः** जेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा तथा प्रथम चरण में ही यह 1.2 करोड़ यात्रियों को एक रन-वे से सेवा प्रदान करने की क्षमता रखता है। यह देश का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा जो सौर ऊर्जा का उपयोग करेगा और कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा। इस एयरपोर्ट में आगामी चरणों में 5 रन-वे का निर्माण होने के बाद यात्री क्षमता बढ़कर 22.5 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष हो जाएगी। यह एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजी यात्रा ऐप के माध्यम से चलेगा।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# चीनी सीसीटीवी बैन करते थे मुखबिरी?




**अजय कुमार**

> "सरकार का कहना है कि हर कैमरे में एंड टू एंड एनक्रिप्शन, लोकल डेटा स्टोरेज और पारदर्शी सर्वर पॉलिसी होनी चाहिए। डेटा भारत में ही रहेगा। कोई विदेशी सर्वर नहीं। यह बदलाव न सिर्फ जासूसी रोकने के लिए जरूरी है, बल्कि आम नागरिक की निजी जिंदगी की रक्षा के लिए भी है। फिर भी सबसे बड़ा सवाल पुराने कैमरों का है। देश में करोड़ों सीसीटीवी पहले से लगे हुए हैं। इनमें ज्यादातर के पासवर्ड कभी बदले नहीं गए। फर्मवेयर अपडेट नहीं हुए। इंस्टॉलर के पास अभी भी एक्सेस हो सकता है। कई मामलों में घर के कैमरे से ब्लैकमेलिंग के प्रयास भी सामने आए हैं"

**देश** भर में सुरक्षा की दीवार खड़ी करने के नाम पर लगाए जा रहे कैमरे अब खुद सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए थे। लेकिन अब सरकार ने इस चुपके से फैल रही जासूसी के जाल पर सख्ती से हमला बोला है। 1 अप्रैल 2026 से चीनी कंपनियों के इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की बिक्री पर रोक लग जाएगी। हिकविजन, दाहुआ और टीपी लिंक जैसे ब्रांड बिना एसटीक्यूसी सर्टिफिकेशन के अब बाजार में नहीं आ सकेंगे। यह फैसला सिर्फ बाजार को बदलने वाला नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा को नई दिशा देने वाला है। हाल की घटनाओं ने साफ कर दिया कि सस्ते कैमरों के पीछे कितना बड़ा खतरा छिपा था।पिछले कुछ हफ्तों में गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसा जासूसी गिरोह पकड़ा, जिसमें पाकिस्तान की आईएसआई सीधे भारतीय रेलवे स्टेशनों की निगरानी कर रही थी। दिल्ली कैंट और सोनीपत स्टेशन के पास सोलर पैनल वाले छिपे कैमरे लगाए गए थे। इनकी लाइव फीड पाकिस्तान तक पहुंच रही थी। अठारह दिन तक सोनीपत स्टेशन के प्लेटफॉर्मों की हर गतिविधि दुश्मन की स्क्रीन पर दिख रही थी। यह सिर्फ एक मामला नहीं था। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे देश में सीसीटीवी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय ने सभी बड़े शहरों में हर कैमरे की फिजिकल वेरिफिकेशन का आदेश दिया है। क्योंकि पता चला कि कई कैमरे न सिर्फ विदेशी सर्वर से जुड़े थे, बल्कि उनकी फीड बिना किसी की जानकारी के बाहर भेजी जा रही थी।

भारत में सीसीटीवी का विस्फोटक विस्तार हुआ है। हर घर के गेट पर, ड्रॉइंग रूम में, बच्चों के कमरे के बाहर, यहां तक कि किचन और बेडरूम तक कैमरे लग रहे हैं। कीमतें गिरने के कारण चीन से सस्ते हार्डवेयर आयात हो रहे थे। भारतीय कंपनियां उन पर अपना स्टिकर चिपका कर बेच रही थीं। लेकिन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों में कमजोरियां थीं। कैमरा सेटअप करते ही यूजर को कंसेंट देना पड़ता था कि कंपनी रिकॉर्डिंग को ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल करेगी। इसका मतलब साफ था कि आपकी निजी जिंदगी किसी और की स्क्रीन पर भी हो सकती है। डेटा विदेशी सर्वर पर जा रहा था। पासवर्ड डिफॉल्ट रखे जाते थे। इंस्टॉलर सालों तक उसी पासवर्ड से एक्सेस रखता था। फर्मवेयर अपडेट नजरअंदाज कर दिए जाते थे। नतीजा यह कि घर की हर गतिविधि, कब कौन आया, कब बाहर गया, सब किसी और के पास पहुंच जाता था।यह खतरा सिर्फ घरों तक सीमित नहीं था। पब्लिक जगहों पर लगे कैमरे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए और भी खतरनाक साबित हो रहे थे। रेलवे स्टेशनों, सरकारी दफ्तरों और संवेदनशील इलाकों में भी यही चीनी कैमरे लगे थे। हाल की जासूसी घटनाओं ने दिखा दिया कि दुश्मन इन्हें आसानी से हाइजैक कर सकता है। मिडिल ईस्ट की हालिया जंग में भी सीसीटीवी को टारगेट बनाकर प्रेसाइज अटैक किए गए थे।



भारत में भी यही आशंका थी। इसलिए सरकार ने अब सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं। मीटवाई ने सीसीटीवी के लिए एसेंशियल रिक्वायरमेंट्स तय किए हैं। हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, सोर्स कोड, सबकी जांच होगी। बिना सर्टिफिकेशन के कैमरे बेचना गैरकानूनी होगा। यह नियम सरकारी खरीद पर पहले से लागू था, लेकिन अब निजी बाजार पर भी पूरी तरह लागू हो जाएगा। नए नियमों का सबसे बड़ा फायदा भारतीय कंपनियों को मिलेगा। सीपी प्लस, स्पार्श, मैट्रिक्स जैसी देशी ब्रांड्स अब बाजार पर कब्जा कर लेंगी। पहले चीनी ब्रांड्स ने सस्ती कीमत के नाम पर तीस प्रतिशत से ज्यादा बाजार हिस्सा हथिया लिया था। अब कीमतें थोड़ी बढ़ सकती हैं, लेकिन सुरक्षा की कीमत चुकाने लायक है। सरकार का कहना है कि हर कैमरे में एंड टू एंड एनक्रिप्शन, लोकल डेटा स्टोरेज और पारदर्शी सर्वर पॉलिसी होनी चाहिए। डेटा भारत में ही रहेगा। कोई विदेशी सर्वर नहीं। यह बदलाव न सिर्फ जासूसी रोकने के लिए जरूरी है, बल्कि आम नागरिक की निजी जिंदगी की रक्षा के लिए भी है।फिर भी सबसे बड़ा सवाल पुराने कैमरों का है। देश में करोड़ों सीसीटीवी पहले से लगे हुए हैं। इनमें ज्यादातर के पासवर्ड कभी बदले नहीं गए। फर्मवेयर अपडेट नहीं हुए। इंस्टॉलर के पास अभी भी एक्सेस हो सकता है। कई मामलों में घर के कैमरे से ब्लैकमेलिंग के प्रयास भी सामने आए हैं। कोई आपके घर की रूटीन जान ले तो फिजिकल सिक्योरिटी भी खतरे में पड़ जाती है। इसलिए सरकार को सिर्फ नई बिक्री रोकने से काम नहीं चलेगा। मौजूदा कैमरों का पूरा ऑडिट करना होगा, खासकर पब्लिक प्लेसेज में। हर कैमरे की लोकेशन, मॉडल और सिक्योरिटी चेक हो। आम लोगों को भी जागरूक होना होगा। अगर आप घर में सीसीटीवी लगा रहे हैं, तो कुछ बुनियादी बातें याद रखें। इंस्टॉलेशन के तुरंत बाद डिफॉल्ट पासवर्ड बदल दें। मजबूत पासवर्ड रखें, जिसमें अक्षर, अंक और स्पेशल कैरेक्टर हों। इंस्टॉलर को कभी भी एडमिन एक्सेस न दें। उसके फोन से लॉगआउट करवाएं। ब्रांड चुनते समय पूछें कि डेटा कहां स्टोर होता है। एंड टू एंड एनक्रिप्शन वाले कैमरे चुनें। फर्मवेयर और ऐप नियमित अपडेट करें। अगर संभव हो, तो कैमरे को अलग गेस्ट नेटवर्क पर चलाएं। रिमोट एक्सेस की जरूरत न हो, तो उसे बंद रखें। बेडरूम या निजी जगहों पर कैमरा लगाने से पहले दो बार सोचें। सुरक्षा जरूरी है, लेकिन गोपनीयता उससे भी ज्यादा।यह फैसला सिर्फ एक ब्रांड पर रोक नहीं है। यह पूरे सिस्टम को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। चीन से आयातित कैमरों में हार्डवेयर बैकडोर की आशंका हमेशा रही है। सॉफ्टवेयर भी थर्ड पार्टी का इस्तेमाल होता था। अब सरकार सुनिश्चित कर रही है कि हर कैमरा टेस्टेड और सर्टिफाइड हो। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी दे रहे थे कि सस्ते कैमरे सुरक्षा के नाम पर खतरा बन रहे हैं। अब सरकार ने उनकी बात मानी है। लेकिन चुनौती अभी खत्म नहीं हुई। पुराने कैमरों को अपग्रेड करने या बदलने की मुहिम चलानी होगी। बाजार में पहले से जो स्टॉक है, उसका क्या होगा? कुछ कंपनियां पुराना माल क्लियर करने की तैयारी में हैं, लेकिन एक अप्रैल के बाद बिना सर्टिफिकेशन के बिक्री नहीं होगी। इससे छोटे वेंडरों पर असर पड़ेगा, लेकिन लंबे समय में पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ेगी। भारतीय कंपनियां अब और बेहतर प्रोडक्ट ला रही हैं। वे लोकल सर्वर, बेहतर एन्क्रिप्शन और आसान अपडेट दे रही हैं। आम आदमी को समझना होगा कि सुरक्षा सिर्फ कैमरा लगाने से नहीं आती। उसे सही तरीके से इस्तेमाल करना और सुरक्षित रखना भी जरूरी है।आज के डिजिटल युग में हर घर और हर सार्वजनिक जगह निगरानी में है। लेकिन निगरानी का मतलब जासूसी नहीं होना चाहिए। सरकार का यह कदम देश को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी खतरे से बचाने का संकेत है। फिर भी जागरूकता सबसे बड़ी सुरक्षा है। हर नागरिक को अपने कैमरे की सेटिंग चेक करनी चाहिए। पासवर्ड बदलना चाहिए। अपडेट करना चाहिए। तभी यह कैमरा सुरक्षा का हथियार बनेगा, न कि कमजोरी। वरना सस्ते कैमरे की चकाचौंध में हम अपनी निजी जिंदगी और राष्ट्र की सुरक्षा दोनों खो सकते हैं। समय आ गया है कि हम सुरक्षा को सिर्फ दिखावा न बनाएं, बल्कि उसे वाकई मजबूत बनाएं।

# साहित्य के सम्मान:लेखनी से ज्यादा लॉबिंग महत्वपूर्ण

**विवेक रंजन**

**सोशल मी**डिया के इस दौर में स्थिति यह है कि लेखक बाद में पैदा होता है, सम्मानों की 'फेहरिस्त' पहले तैयार हो जाती है। हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी 'अकादमी' या 'फाउंडेशन' का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष है और एक दूसरे को 'शताब्दी रत्न' घोषित कर चुका है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या ये चमचमाती ट्राफियां और शॉल, रचना की साहित्यिक गुणवत्ता की गारंटी हैं? साहित्यिक गुणवत्ता किसी प्रयोगशाला में मापी जाने वाली वस्तु नहीं है, बल्कि यह समय की कसौटी पर कसी जाने वाली निरंतरता तथा लेखन की पाठकीय पसंद , एवं उसकी उपयोगिता है। लेकिन वर्तमान समय में 'साहित्यिक गुणवत्ता' और 'पुरस्कार' के बीच का संबंध कुछ वैसा ही हो गया है जैसा राजनीति और नैतिकता का होता है, दोनों साथ दिखते जरूर हैं, पर होते बहुत दूर हैं। आज लेखक की लेखनी से ज्यादा उसकी 'लॉबिंग' महत्वपूर्ण हो गई है। गुणवत्ता घर की खिड़की से झांकती रह जाती है और 'जुगाड़' दरवाजे से अंदर आकर मुख्य अतिथि की कुर्सी संभाल लेता है। ऐसा हर छोटे बड़े पुरस्कार तथा सम्मान में देखने मिल रहा है। सम्मान मिलते ही लेखक को लगने लगता है कि वह अब आलोचना से ऊपर है। यही आत्म-मुग्धता गुणवत्ता के क्षरण का सबसे बड़ा कारण बनती है।

इतिहास गवाह है कि प्रेमचंद को जीते-जी कोई बड़ा सरकारी सम्मान नहीं मिला, पर आज उनके बिना साहित्य अधूरा है। दूसरी ओर, ऐसे सैंकड़ों 'पुरस्कार प्राप्त' लेखक हैं जिनकी किताबें आज कबाड़ के भाव भी कोई नहीं पढ़ना चाहता। साहित्यिक गुणवत्ता का अंतसंबंध पुरस्कारों से केवल तब ही सार्थक है, जब पुरस्कार 'सृजन' का परिणाम हो, न कि 'अभियान' का। जब किसी योग्य रचना को सम्मानित किया जाता है, तो सम्मान की गरिमा बढ़ती है, रचना की नहीं। ऐसे पुरस्कार में विवाद नहीं होते । रचना तो अपनी गुणवत्ता के कारण पहले ही कालजयी हो चुकी होती है।

समकालीन विडंबना इसके विपरीत इसलिए है, क्योंकि गुण धर्मियों की उपेक्षा कर लॉबी जनित राजनैतिक प्रभाव से पुरस्कार तय हो रहे हैं। आज के दौर में 'सम्मान वापसी' से लेकर 'सम्मान पाने की होड़' तक, साहित्य का बाजारवाद हावी है। गुणवत्ता कहीं हाशिए पर खड़ी इस बात का इंतजार कर रही है कि काश कोई पाठक बिना किसी 'प्रशस्ति पत्र' को देखे किताब के पन्ने पलटे।"सच तो यह है कि असली पुरस्कार पाठक की वह आँखें हैं, जो आधी रात को आपकी किताब पढ़ते हुए नम हो जाती हैं। बाकी सब तो ड्राइंग रूम की धूल झाड़ने वाली निर्जीव वस्तुएं हैं।" पुरस्कार और गुणवत्ता का अंतसंबंध तब तक ही पवित्र है जब तक चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और रचना में ईमानदारी है।

## विचार

# श्चिमी यूपी में मायावती पुराने सपने और नई रणनीति के साथ

**संजय सक्सेना**

**बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन के बहाने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य और उसके लिए हाईकोर्ट की अलग बेंच बनाने की मांग फिर से उठाना केवल एक भावुक नारा नहीं है, बल्कि एक लंबी चली आ रही राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। इस मुद्दे को बार-बार तराशकर वह न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के स्थानीय असंतोष को अपनी राजनीति में बदलना चाहती हैं, बल्कि बसपा को एक वैकल्पिक अस्तित्व के रूप में भी स्थापित करना चाहती हैं, जिससे दल को ताकत और मान्यता दोनों मिल सकें। जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन होते ही मायावती ने यह दावा किया कि इस परियोजना की रूपरेखा और इसके जरूरी बुनियादी काम उनकी बसपा सरकार के शासनकाल में ही शुरू हो चुके थे। उनका यह दावा बसपा को विकासवादी दल के रूप में पेश करने वाला है, जिससे उत्तर प्रदेश की जनता के सामने यह संदेश जाता है कि बसपा केवल जातिगत मुद्दे उठाने वाली पार्टी नहीं, बल्कि बड़ी परियोजनाओं की सोच भी रखती है। इस तरह वह एयरपोर्ट के नाम पर न केवल अपने शासनकाल की राजनीतिक विरासत जीवित रख रही हैं, बल्कि मौजूदा सरकार और अन्य तीनों बड़े दलोंकृभाजपा, सपा और कांग्रेसकृको विकास कार्यों में देरी और रुकावट का दोषी भी ठहरा रही हैं। इसी कड़ी में वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग बेंच और वहाँ के लिए अलग राज्य बनाने के सपने को दोहरा कर एक नया तर्क बना रही हैं। उनका संदेश स्पष्ट है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो औद्योगिक गलियारों, खजूरी खेतों, और नोएडाद्दगुरुग्राम जैसे नए शहरों का घर है, आज भी अदालती और प्रशासनिक देरी और निर्णयों की दूरी से जूझ रहा है। इस असंतोष को वह बसपा के पक्ष में मोड़ने की कोशिश कर रही हैं, ताकि वहाँ के छोटे व्यापारी, उद्योगपति, भूमि-मालिक और नव-निर्मित पड़ोस बसपा को अपनी उम्मीद का केंद्र बना सकें, जो पहले शायद भाजपा या सपा की ओर झुके रहे हैं। अलग प्रदेश की मांग को फिर से उठाकर मायावती बसपा के लिए कई तरह के फायदे तैयार करने की कोशिश कर रही हैं। सबसे पहले, यह मुद्दा पार्टी को एक बड़े राज्य-स्तरीय रणनीति के रूप में पेश करता है, न कि केवल जातिगत या विधानसभा-स्तरीय तंत्र के रूप में। उत्तर प्रदेश के विभाजन की चर्चा आज-कल केवल बसपा तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य भर के राजनीतिक गलियारों में भी चल रही है, लेकिन बसपा इसे अपनी राजनीति का केंद्र बनाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखना चाहती है। इससे पार्टी को एक नई राजनीतिक भाषा भी मिलती है, जिसमें न केवल दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों की बात होगी, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास और न्याय की बात भी शामिल होगी। दूसरे, अलग प्रदेश की मांग बसपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जातिगत और सामाजिक समूहों को एक साथ जोड़ने का मौका देती है। यहाँ दलित, ओबीसी, जाट, गुज्जर, राजपूत और अन्य छोटी जातियाँ रहती हैं, जो अक्सर अलग-अलग राजनीतिक दलों के खेमों में बंटी रहती हैं। मायावती की रणनीति यह है कि स्थानीय असंतोष और विकास की मांग को एक दूसरे से जोड़कर बसपा उन सबको एक नए राजनीतिक विकल्प के रूप में पेश करे, जहाँ जाति अलग-अलग नहीं होगी, बल्कि क्षेत्रीय और विकासवादी एजेंडा हावी होगा। ऐसी स्थिति में बसपा न केवल अपनी मूल आधार-जनता को बचाए रख सकती है, बल्कि नए वोट-बैंक भी बना सकती है, जो पहले भाजपा या सपा के पास रहते थे। तीसरा, यह रणनीति बसपा को राजनीतिक रूप से ह्लमजबूत विपक्षी दलह्व के रूप में दिखाने में मदद कर सकती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा-संचालित राज्य सरकार के दौर में अलग राज्य की मांग से यह संदेश निकलता है कि प्रदेश बड़ा होने के कारण विकास और न्याय दोनों ही धीमे हो रहे हैं। इस दावे को बसपा अपने विकासवादी एजेंडा के साथ जोड़कर यह बताना चाहती है कि अगर वह सत्ता में आई, तो सिर्फ जातिगत आरक्षण और सामाजिक न्याय तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रशासनिक सुधार और भू-राजनीति को भी नए सिरे से सोचेगी।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# सबकी जिम्मेदारी अब सचमुच सबकी

**कृति आरके जैन**

**सुबह** की रसोई में उबलती चाय की भाप के साथ एक और चीज उठ रही है—खामोश विद्रोह। यह विद्रोह दरवाजे पटककर नहीं, बल्कि दरवाजे धीरे से बंद करके होता है। महिलाएँ अब घर छोड़ नहीं रहीं, नौकरी छोड़ नहीं रहीं, पर ह्लसब कुछ संभालनेह्व की अदृश्य जिम्मेदारी से पीछे हट रही हैं। इसे ही घर से ह्यक्वाइट क्विटिंगह्ल कहा जा रहा है। यह लापरवाही नहीं, आत्मरक्षा है; असंवेदनशीलता नहीं, संतुलन की माँग है। दशकों से घर की दीवारों में कैद वह मानसिक बोझ, जिसे कर्तव्य कहकर सामान्य बना दिया गया था, अब प्रश्नों के कटघरे में है। यह नई लहर बिना नारों के, बिना मंचों के, सीधे रसोई और बैठक के बीच जन्म ले रही है। क्वाइट क्विटिंग शब्द कार्यस्थल से आया, पर घर के भीतर इसका अर्थ कहीं अधिक गहरा है। दफ्तर में कर्मचारी अतिरिक्त काम छोड़ता है, यहाँ महिला अतिरिक्त भावनात्मक और संज्ञानात्मक श्रम छोड़ रही है। मेंटल लोड वह अदृश्य सूची है जो उसके दिमाग में हर समय चलती रहती है—बच्चों की परियोजना, सास की दवा, पति की मीटिंग, त्योहार की तैयारी, रिश्तों की मरम्मत। समय उपयोग सर्वेक्षण 2024 के आँकड़े बताते हैं कि भारतीय महिलाएँ प्रतिदिन पुरुषों से कई घंटे अधिक अवैतनिक श्रम करती हैं। महिलाएँ रोजाना 289 मिनट अनपेड घरेलू कामों पर और 137 मिनट देखभाल पर खर्च करती हैं जबकि पुरुष केवल 88 और 75 मिनट। यह सिर्फ समय नहीं, ऊर्जा और पहचान की कीमत भी है। यही असमानता अब प्रतिरोध को जन्म दे रही है। महामारी ने इस असंतुलन को निर्वस्त्र कर दिया। घर ही दफ्तर बना, दफ्तर ही घर, और महिला दोनों की प्रबंधक। लैपटॉप की स्क्रीन के पीछे वह मीटिंग में थी, और कैमरे के बाहर रसोई में। इसी दौर में सोशल मीडिया ने वैश्विक संवाद खोला। हजारों भारतीय महिलाएँ लिखने लगीं कि वे परफेक्ट होने की दौड़ से बाहर निकलना चाहती हैं। नई पीढ़ी की मिलेनियल और जेन-जेड महिलाएँ अपनी माताओं की थकान को विरासत नहीं बनाना चाहतीं। वे समझ चुकी हैं कि त्याग का अनंत महिमामंडन असल में असमानता को स्थायी बनाता है।

# शादी में डी. जे. का एडवेंचर

**चँगू** जी ने मँगू जी से कहा। भाई सुना है तुम्हारे यहाँ शादी है। हाँ ठीक सुना है , भाई। लेकिन तुम क्यों पूछ रहे हो। भाई तुम्हारे यहाँ शादी है इसीलिए पूछ रहा हूँ। क्यों कोई खास बात। नहीं भाई ऐसे ही। वो बात ये है कि तुम्हारे यहाँ तो डी. जे. भी बजेगा। हाँ , शादी है तो डी. जे. भी बजेगा और नाच- गाना भी होगा। क्यों पूछ रहे हो। अरे नहीं भाई मेरे भाई की तबीयत डी. जे. से बहुत घबराती है। सोच रहा था कि अगर डी. जे. ना बजता तो ठीक रहता। लेकिन शादी में शोर ना हो तो मजा नहीं आता। आखिर शादी- ब्याह, संगीत और शोर के लिए ही तो होता है। जब शोर ना हो। हो -हल्ला ना हो तो क्या फायदा ऐसी शादी का। और तो और मैंने तो डी. जे. वाले को एडवांस पैसा भी दे रखा है। मेरा एडवांस पैसा बर्बाद हो जाएगा। भाई चँगू जी डी. जे. का पैसा मुझसे ले लेना। चँगू जी ने मँगू जी से वीनित भाव से कहा। मँगू जी बोले भाई मैं घर में पूछ कर बताता हूँ। ठीक है भाई। मँगू ने घर में ये समस्या बताई कि चँगू जी के भाई दिल के मरीज हैं। लिहाजा डी. जे नहीं बजेगा। वैसे तो डी. जे. का बजना या नहीं बजना कोई बड़ी बात नहीं थी। लेकिन हमारे समाज में एक -से -इक्कीस लोग होते हैं। जो किसी भी बात को ना होना। अपनी नाक का कटना मानकर चलते हैं। उनकी नाक हर छोटी -बड़ी बात पर कट जाती है। मँगू के भाई सँगू के लड़के तँगू की शादी थी। एक रिश्तेदार ने कहा कि आपका तो एक ही लड़का है। क्या आप उसकी शादी बार -बार कीजियेगा। दिल के अरमान दिल में रह जाते हैं। आखिर किसी के कहने से डी. जे. ना बजेगा। आखिर समाज में हमारी भी तो कोई इज्जत है। सब ने हाँ -में -हाँ मिलाई। ऐसे समय में लोग मजे ले लेकर बात को हवा देते हैं।

बिना झँझट के शादी हो जाए। ऐसा होना ठीक नहीं रहता है। सबको कुछ ना कुछ एडवेंचर चाहिए होता है। चर्चा आगे बढ़ी। एक ही शादी है। वो भी सालों बाद इस घर में हो रही है। डी. जे.के बिना फीका-फीका नहीं लगेगा। इतनी लाईट ,इतना डेकोरेशन सब जाया जाएगा। इस छोटी सी बात को बड़ा बनाया गया। तुरंत- फुरंत में बैठक बुलाई गई।

## न्यूज फ्लैश

### जिला में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू-डीसी नेहा सिंह

**सोनीपत, 30 मार्च।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा है कि जिला में डीजल, पेट्रोल तथा रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू बनी हुई है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तेल व गैस एजेंसियों के साथ निरंतर संपर्क में है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। जिला में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जिलावासियों का आश्वत करते हुए कहा कि जिला में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

उन्होंने बताया कि सोनीपत के लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां नागरिक डीजल, पेट्रोल या रसोई गैस से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 0130-2221590 पर 24*7 संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने बताया कि सोनीपत में गैल गैस व गन्नौर तथा गोहाना में एचपीसीएल द्वारा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए औद्योगिक क्षेत्र बड्डी व कुंडली में किसी को पीएनजी की जरूरत पडने पर जल्द से जल्द कार्य कर पीएनजी देना सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले माइग्रेंट लैबर को पांच किलों के सिलेंडर देने के लिए सभी ओएमसी को निर्देश दे दिए गए है।

उन्होंने बताया कि जिला में 32 गैस एजेंसियों के माध्यम से 6580 घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कालाबाजारी, जमाखोरी तथा गैस के अनाधिकृत प्रयोग को रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत समय-समय पर छापामारी कर जांच-पड़ताल भी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने बताया कि जिलावासी लडकी की शादी में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडरों के लिए अपने क्षेत्र के संबंधित एसडीएम के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करे, ताकि उन्हे समय पर सिलेंडर दिए जा सके। उन्होंने बताया कि अभी तक ऐसे 12 आवदेकों को गैस सिलेंडर दिए जा चुके है।
उपायुक्त नेहा सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कहीं गैस आपूर्ति में कोई अनियमितता नजर आती है, तो इसकी सूचना तुरंत हेल्पलाइन नम्बर पर दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा की जिलावासी केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें और अनावश्यक रूप से सिलेंडरों का संग्रह न करें।

उन्होंने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को 25 दिनों के अंतराल के बाद गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को 45 दिनों के अंतराल पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से गैस उपलब्ध करवाई जा सके।

### बरोट के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परिणाम हुआ घोषित : सैनी

लाडवा 30 मार्च (विजय कौशिक) :
खंड लाडवा के रा० कड्रव० माड्र विद्यालय बरोट में प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम सैनी की अध्यक्षता में विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों से जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया व सभी अभिभावकगण व ग्रामीणों को शुभकामनाएँ दी। मंच संचालन श्रीमती वन्दना के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य, अभिभावकगण, मास्टर रोहताश, प्रदीप, राजिन्द्र सिंह, सतपाल श्रीमती वन्दना, मीनू, मीना, दीपिका, मंजू, साक्षी, किरण व एबीआरसी रीटा मौजूद रही।

# जिला पुलिस को गौरवान्वित करने वाले 12 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्ति के साथ सम्मानित

### एसपी कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया।

**विदाई समारोह**

सहायक पुलिस अधीक्षक ने उनके स्वस्थ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस में अपनी उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाएं देने के उपरांत दो अनुभवी पुलिसकर्मी आज विधिवत रूप से सेवानिवृत्त हुए।
इस अवसर पर एसपी कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया।
समारोह में सहायक पुलिस अधीक्षक दीपिका अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन भी इस भावुक एवं सम्मानपूर्ण क्षण के साक्षी बने। सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।
सेवानिवृत्त कर्मचारियों में डीएसपी शमशेर सिंह, निरीक्षक जितेंद्र सिंह, निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, निरीक्षक सूरत सिंह, निरीक्षक कंवर सिंह, निरीक्षक जयपाल सिंह, उप निरीक्षक राजवीर सिंह, उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक मंगतराम, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक रामनिवास, डब्ल्यू सी श्री प्रीतम सिंह के नाम शामिल हैं। जिला पुलिस द्वारा सभी सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारियों की सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें विदाई दी गई।

## 28 मार्च से प्रारंभ हो चुका है सरसों की खरीद का कार्यः उपायुक्त प्रीति



**टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** प्रीति ने बताया कि रबी वर्ष 2026-27 के दौरान हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों में सरसों की खरीद का कार्य 28 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर की रादौर व जगाधरी अनाज मंडी में सरसों की खरीद के लिए हैफेड व हरियाणा वेयरहाउस खरीद एजेंसियों को अधिकृत किया गया है।
जिला खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक नीतिश सिंगला ने बताया कि 28 मार्च को हैफेड द्वारा रादौर मंडी में कुल 8 क्विंटल सरसों की खरीद की गई तथा हरियाणा वेयरहाउस रादौर द्वारा 30 मार्च 2026 को रादौर अनाज मंडी में 3 अप्रुव्ड किसानों द्वारा लाई गई 30 क्विंटल सरसों न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक मूल्य पर प्राइवेट खरीद के तहत बेची गई।

### समाधान शिविर में हो रहा हलका वासियों की समस्याओं का समाधान : एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 30 मार्च (विजय कौशिक) :** एसडीएम अनुभव मेहता ने अपने कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में आए आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत नियमों अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र से संबंधित सभी शिकायतों के निवारण हेतु जल्द से जल्द निपटान करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि सप्ताह के दो दिन यह शिविर लगाया जाता है जोकि सोमवार व वीरवार के दिन इसका आयोजन किया जाता है।

## हरियाणा के रिटायर्ड प्रिंसिपलों व प्रोफेसरों में रोष

**बैठक**

महासंगठन ने अपनी एक आपात बैठक आज जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत में आहूत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के रिटायर्ड प्रिंसिपलों व प्रोफेसरों के महासंगठन ने अपनी एक आपात बैठक आज जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत में आहूत की जिसकी अध्यक्षता डी ए वी कालेज करनाल के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर पूरणमल गौड़ ने की ।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के प्रधान प्रोफेसर डी आर चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के महासचिव डॉक्टर पीआर त्यागी को आमंत्रित किया गया।व इसमें सानिध्य मिला संगठन के कोषाध्यक्ष प्रोफेसर संपूर्णानंद का ।सोनीपत जॉन के अध्यक्ष डा के सी वशिष्ठ ने हरियाणा के सभी पदाधिकारी व सोनीपत के सभी कॉलेजों के सेवानिवृत प्राचार्य एवं प्रोफेसरों का स्वागत करते हुए, उन्होंने संक्षेप में सोनीपत जॉन की विभिन्न गतिविधियों व इकाई द्वारा किए गए प्रयासों की संक्षिप्त रिपोर्ट संगठन के महासचिव पी आर त्यागी ने सोनीपत जॉन द्वारा आयोजित इस वृहत बैठक के लिए आभार जताया और उन्होंने बताया कि डॉक्टर एस के मल्होत्रा जी गुरुग्राम में जाने के कारण उनके स्थान पर संगठन ने निर्णय लिया है कि डॉक्टर कैसी वशिष्ठ को अध्यक्ष नामित किया गया है ।उनके नामित करने की घोषणा का सभी ने तालियां बजाकर स्वागत किया और प्रसन्नता व्यक्त की ।उन्होंने संगठन के विस्तार के लिए सभी से आग्रह कि या। कि अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाएं और उन्होंने संगठन के द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों से अवगत कराया सरकार के साथ। उन्होंने बताया कि 370 करोड़ रुपए नए अनुदान की सरकार ने मंजूरी दी है ।संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ चौधरी ने शिक्षा मंत्री ,शिक्षा महासचिव ,शिक्षा महानिदेशक विधानसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठकों की विस्तृत चर्चा की और न्यायालय में संगठन के द्वारा विभिन्न केसों की जानकारी प्रदान की ।

### गुढ़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय का रिजल्ट जारी

**लाडवा 30 मार्च (विजय कौशिक) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुढ़ा में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा समस्त स्टाफ की उपस्थिति ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री परवीन कुमार ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच एवं मेहनत का महत्व समझाया। कक्षा 6 से 8 के वरिष्ठ अध्यापक श्री कुलदीप जी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को 1 अप्रैल से नियमित रूप से अपनी नई कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया।

## राज्यमंत्री गौरव गौतम ने बैठक में रखी गई 17 शिकायतों में से 11 को किया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत,(संजीव कुमार )** कष्टद्द निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा लंबित मामलों को तय





समय सीमा में समाप्त करना सुनिश्चित करें। राज्यमंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को कष्टद्द निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए 17 शिकायतों में से 11 का समाधान किया। उन्होंने कहा कि कष्ट निवारण समिति जनता और प्रशासन के बीच मजबूत सेतु का कार्य कर रही है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे जनहित से जुड़े मामलों में तत्परता दिखाएं और पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने गढ़ी ब्रह्मद्दणान के निवासी गौरव की एक निजी अस्पताल से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए उपायुक्त नेहा सिंह को निर्देश दिए कि वे स्वयं इसकी जांच करें और जांच के दौरान संबंधित निजी अस्पताल की कोई कमी पाई जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। इसके अलावा पैतृक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित गांव खेवड़ा निवासी मुकेश की शिकायत पर राज्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित लोगों को बुलाकर उन्हें समझा दो कि वे मुकेश को उसकी संपत्ति पर जाने से न रोंके वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में गांव कुराड़ निवासी दर्शना देवी की स्कूल द्वारा गबन करने की शिकायत की सुनवाई करते हुए राज्यमंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि यह कमेटी अगली बैठक तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## माता बाला सुंदरी का 8 दिवसीय मेला आज से



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 30 मार्च (विजय कौशिक) :** लाडवा के प्राचीन व ऐतिहासिक माता बाला सुंदरी मंदिर पर आज रात यानि 30 मार्च से भीड़ लगनी शुरू हो जाती हैं रात्रि 12 बजे के बाद यानि 31 मार्च से मेला शुरू हो जाएगा। ये माता ये जानकारी मंदिर कमेटी सदस्य प्रमोद शर्मा ने दी। मन्दिर के पुजारी ने बताया कि हर साल कि तरह आज भी मेले से पहले दिन माता आंधी तूफान व हल्की बरसात के बीच मन्दिर में प्रवेश करती है आज भी माता ने आंधी व बरसात के साथ मन्दिर में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि मेले का शुभारंभ 30 मार्च की मध्यरात्रि रात्रि ठीक 12:00 बजे यानि 31 मार्च से होगा। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। ऐतिहासिक माता मंदिर में लोग अपनी मुरादें पूरी होने पर प्रसाद चढ़ाने आते हैं।
उन्होंने बताया कि दुर्गा अष्टमी से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना शुरू हो गया है। मान्यता है कि माता बाला सुंदरी के दरबार में जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। मंदिर कमेटी ने भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ मंदिर के स्वयंसेवक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि पेयजल, विश्राम स्थल और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो।

### परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह का आयोजन

**समालखा (संजय नरवाल)**
महाराजा अग्रसेन स्कूल में दिनांक 30 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सुसंगठित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी अभिभावकों का स्वागत तिलक सेरेमनी द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्राचार्या अलका शर्मा और कोऑर्डिनेटर रजनी बरेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके परिश्रम की सराहना की तथा भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से बधाई दी

## संसार को अहिंसा का संदेश भगवान महाबीर ने दिया: संगीत श्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भगवान महाबीर की 2600 वीं जयंती पर करनाल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जैन स्थानक सैक्टर चौदह में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करनाल में जैन स्थानक हनुमान गली में तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन एसएस जैन सभा द्वारा महासती सुंदरी जी महाराज की परम शिष्या संगीत श्री महाराज के प्रवचन हुए। इसके अलावा दिगंबर जैन मंदिर में कार्यक्रमों का आयसेजन किया गया।
एसएस जैन सभा हनुमान गली के प्रधान अशोक जैन, महामंत्री



नवीन जैन एवं सतीश जैन ने बताया कि आज से तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन जैन साध्वी संगीत श्री महाराज ने भगवान महाबीर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलकर ही दुनिया को बचाया जा सकता है।
उन्होंने कहा कि दुनिया को भगवान महाबीर ने जो संदेश दिया, उसी जीयो और जीने दो के रास्ते पर चलकर विश्व को युद्ध की विभिषिका से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में अंहिसा अपिरग्रह को महत्व दिया है।
नवीन जैन ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रमों का समापन 31 मार्व को सुबह साढ़े आठ बजे से स्थानक में होगा। इस अवसर पर साध्वी जी का 41वां दीक्षा जयंती महोत्सव भी मनाया जाएगा। इसके अलावा भगवान महाबीर का जन्म कल्याणक होगा।
इस अवसर पर प्रधान अशोक जैन, नवीन जैन, सतीश जैन, इंदर जैन, अशोक जैन कैशियर, महेंद्र जैन, एसएस जैन सभा सैक्टर चौदह के प्रधान सुरेंद्र जैन, विक्की जैन, कृष्ण जैन, वीरेश जैन, रिषू जैन, रमन जैन, गोगी जैन, नीतू जैन सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे। उधर जैन दिंगबर समाज द्वारा सुबह जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने उत्सव मनाया। उसके बाद जैन मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न भागों से होते हुए जैन स्कूल पहुंची। वहां से वापस मंदिर में गई।

## करनाल के समग्र विकास की योजना पर मंथन, जनसमस्याओं के समाधान की दिशा तय

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सोमवार को नगर निगम करनाल के सभागार में महापौर रेणु बाला गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान की टीम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, निगम के अधिकारीगण एवं सभी पार्षदगण उपस्थित रहे।
बैठक का उद्देश्य शहर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं, चुनौतियों एवं योजनागत ढांचे पर गंभीरता से विचार-विमर्श करना रहा। इस दौरान पार्षदों एवं अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए व्यवहारिक एवं जनहितकारी सुझाव प्रस्तुत किए।



बैठक में मुख्य रूप से यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, सीवरेज व जल निकासी, स्ट्रीट लाइट की खराब व्यवस्था, शहर में आवारा बंदरों व कुत्तों की बढ़ती समस्या, विभिन्न क्षेत्रों में टूटी व जर्जर सडकों की स्थिति, कूड़ा निस्तारण की समस्या, नालियों-नालों के जाम होने से जल आपूर्ति प्रभावित होना, तथा विकास कार्यों के चलते आमजन को हो रही असुविधाओं पर गहन चर्चा की गई।
इसके अतिरिक्त ग्रीन बेल्ट की उचित देखरेख, पार्कों की भूमि का दुरुपयोग, विभिन्न क्षेत्रों में रखरखाव की कमी, खाली प्लॉटों में कचरा फेंकने की समस्या, अनधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्यों का अभाव, बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप नए सेक्टरों की आवश्यकता, अपशिष्ट जल को शुद्ध कर पुनः उपयोग हेतु संयंत्र स्थापित करने, तथा बिजली व टेलीफोन के खंभों पर लटके तारों के गुच्छों जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व योजना से संबंधित समस्याओं पर भी पार्षदों ने विस्तार से अपने विचार रखे।
महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सभी मुद्दों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संस्थान की टीम के साथ साझा किया। संस्थान की ओर से प्रतिनिधि नंदकिशोर ने आश्वस्त किया कि टीम द्वारा बैठक से पूर्व शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा एवं अवलोकन किया जा चुका है तथा अब प्राप्त सुझावों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी।
योजनाबद्ध प्रयासों से करनाल बनेगा आधुनिक व आदर्श शहर
महापौर ने कहा कि करनाल को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के लिए यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि पार्षदों व अधिकारियों से मिले सुझावों के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए शहर के विकास को नई दिशा दी जाएगी। नगर निगम, केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, और सभी के सहयोग से करनाल को एक आदर्श शहर बनाया जाएगा।

## राजीव जैन ने की पूजा अर्चना और हनुमत स्वरूप का लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत 30 मार्च ।** हनुमान जयंती की तैयारी के सिलसिले में रिहर्सल के दौरान हनुमान स्वरूप धारण करने वाले ढोल के थाप पर जमकर नाचे साथ ही उपस्थित श्रद्धालु भी जय श्री राम के नारे लगाते हुए उनका हौसला बढ़ाते रहे।
राधा कृष्ण मंदिर मशद मोहल्ला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने पुजा अर्चना की ओर हनुमत स्वरूप का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि शहर में हनुमान जयंती की तैयारी जोर-



शोर से चल रही हैं और आगामी 2 अप्रैल को पूरा शहर हनुमान भक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा।
मंदिर में लक्की तथा गर्वित 40 दिन से ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए हनुमान जी की वंदना कर रहे हैं
इसी तरह हनुमान मंदिर कच्चे क्वार्टर में भी भुवन रेलन व वंश हसीजा तपस्या के बाद भव्य ढंग से रिहर्सल का आयोजन किया गया। राजीव जैन ने फैंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित राम कथा में भी पहुंचकर आशीर्वाद लिया।
कार्यक्रमों में के सी डूडेजा, कशिश शर्मा, संजय, आरती खन्ना, श्याम मक्कड़, कृष्ण कुमार, संजीव वलेचा, ओम प्रकाश, नकुल, सौरभ, संजय , धीरज,रवि, आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

# एसपी दीपक सहारन के कार्यकाल में नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार 222 मामले दर्ज, 378 नशा तस्कर सलाखों के पीछे



**सिरसा (शुभम.खटक)** जिला सिरसा में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के नेतृत्व में बीते पांच माह के दौरान नशा तस्करों, अवैध हथियार सप्लाई करने वालों तथा जुआ खेलने वालों एवं अन्य गैर कानूनी धंधे करने वाले लोगों के खिलाफ सिरसा पुलिस ताबड़-तोड़ कार्रवाई कर अपराधिक किस्म के लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है । पुलिस अधीक्षक सिरसा ने बीती 24 अक्टूबर 2025 को कार्यभार संभालने के उपरांत सिरसा जिला में अपराध पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से नशा तस्करी के विरूध ताबड़तोड़ कार्रवाई की है,जिसके काफी सार्थक परिणाम सामने आए हैं। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत बीते पांच माह की अवधि में 222 मामले दर्ज किए गए तथा 378 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीमों द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 3 किलो 474 ग्राम हेरोइन, 9 किलो अफीम, 322 किलो 552 ग्राम डोडा चूरापोस्त तथा 40 किलो 924 ग्राम गांजा पत्ती, 13 ग्राम 123 मिलीग्राम कोकीन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद मादक पदार्थों की कीमत करोड़ों रुपये में आंकी गई है। इन कार्रवाइयों से नशा तस्करों में हड़कंप का माहौल बना हुआ है तथा जिले में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगा है। इसी प्रकार शराब तस्करों एवं खुर्दा संचालकों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 41 मामले दर्ज कर 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 1960 बोतल देसी शराब,423 लीटर अवैध लाहन तथा 1260 बोतल बीयर बरामद की गई। जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुध विशेष पखवाड़ा अभियान चलाया गया, जिसके तहत 29 मामले दर्ज कर 31 आरोपियों को काबू किया गया। उनके कब्जे से 29 अवैध पिस्तौल, 47 जिंदा कारतूस तथा 2 मैगजीन बरामद कर संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से जिले में आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम में मदद मिली है।सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने वालों के विरुध भी विशेष अभियान चलाते हुए जुआ अधिनियम के तहत 17 मामले दर्ज किए गए तथा 85 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 25 लाख 50 हजार 850 रुपये नगद बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त सिरसा पुलिस ने बीते पांच माह में 2 आपराधिक गैंगों का पदार्फाश करते हुए 10 ईनामी बदमाशों सहित कुल 88 भगोड़ों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये की चल एवं अचल संपत्ति बरामद की गई। अपराधियों के नेक्सस को तोड़ना पुलिस की पहली प्राथमिकता रही है,और इस दिशा में सिरसा पुलिस द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने आमजन से अपील की है कि नशा तस्करों तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना निसंकोच पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिरसा में नशा तस्करों को पांव नहीं पसारने दिए जाएंगे।

# किसानों को फसल बेचने में नहीं आने दी जाएगी कोई भी परेशानी: एसडीएम

### मंडियों की व्यवस्था और गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर जारी किए निर्देश

**दिशा-निर्देश**

**एसडीएम ने गेहूं खरीद सीजन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए**



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला-चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने गेहूं खरीद सीजन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अपने कनिष्ठ अधिकारियों को आदेश दिए कि उन द्वारा गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अनाज मंडियों में किसानों के लिए पेयजल, शौचालय, सफाई, रोशनी तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा मंडियों में बारदाना (बोरी) की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। गेट पास कटवाने के लिए किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं की खरीद निर्धारित तिथि से प्रारंभ की जाए तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटों के माध्यम से पारदर्शी तरीके से तौल सुनिश्चित की जाए। किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर सीधे उनके बैंक खातों में किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खरीदे गए गेहूं का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडियों में किसी प्रकार की भीड़भाड़ या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। मंडियों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि मंडियों में किसानों की शिकायतों का त्वरित निवारण किया जाए। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गेहूं खरीद कार्य सुचारू रूप से चले, इसके लिए प्रत्येक खरीद केंद्र पर नोडल अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। चीका अनाज मंडी में बिजली विभाग चीका के एक्सईएन तथा अतिरिक्त अनाज मंडी चीका में सिंचाई विभाग के एसडीओ को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। इसी तरह रामथली मंडी में बिजली विभाग सीवन के एसडीओ, अरनौली मंडी में बागवानी अधिकारी तथा भागल मंडी में जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं के लिए क्षेत्र में विभिन्न खरीद केंद्र संचालित किए जाएंगें। जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। अगोंध खरीद केंद्र में चीका नगरपालिका सचिव, बाउपुर व भूंसला खरीद केंद्र में गुहला वन विभाग से रेंज ऑफिसर गुहला, कमहेड़ी खरीद केंद्र, अतिरिक्त खरीद केंद्र आर.एन ट्रॉसपोर्ट बदसूई रोड़ चीका तथा अतिरिक्त खरीद केंद्र राधे-राधे मार्बल पटियाला रोड़ चीका पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की डयूटी लगाई गई है। खरीद केंद्र बलबेहड़ा व कांगथली पर बिजली विभाग चीका के एसडीओ, बाबू राम राईस मिल चीका के पास बनाए गए अतिरिक्त खरीद केंद्र तथा गंगोतरी मार्बल चीका के नजदीक बनाए गए अतिरिक्त खरीद केंद्र पर बिजली विभाग गुहला के एसडीओ की डयूटी

# महावीर जैन पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** शहर स्थित श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में आज 30 मार्च 2026 को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकारी समिति के पुरोधा श्री नेम चंद जैन जी, श्री महावीर जैन विद्यालय के प्रबंधक श्री संजय जैन, जिनेंद्र गुरुकुल पंचकूला समिति के सदस्य श्री मुनीष जैन, स्थानीय कार्यकारिणी समिति के मेंबर श्री चंद्र जैन जी श्री दक्ष जैन जी सहित विशेष अतिथि श्री दमन जैन और श्री रमेश जैन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इसके पश्चात गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य ह्लशुभ दिन आयो रेह्व की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा भगवान महावीर के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसे खूब सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन समिति एवं अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय के प्रबंधक श्री संजय जैन ने अपने संबोधन में विद्यालय के नवीनीकरण, स्पोर्ट्स अकादमी और विद्यालय के विकास हेतु भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

# मकान से 15 तोले सोना-कैश चोरी, सत्संग सुनने गया था परिवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** शहर के सेक्टर-16 में चोरों ने बीजेपी कार्यकर्ता के एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। परिवार करीब दो घंटे के लिए सत्संग में गया हुआ थाए इसी दौरान चोर घर में घुस गए और वारदात को अंजाम दिया। घर लौटने पर सारा सामान बिखरा मिला। सेक्टर-16 के विजय सचदेवा ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े सात बजे वह अपने परिवार के साथ सत्संग के लिए घर से निकले थे। इस दौरान चोर उनके घर में दाखिल हो गए। करीब साढ़े 11 बजे जब परिवार वापस लौटाए तो घर का नजारा देखकर होश उड़ गए। विजय सचदेवा के अनुसार मेन गेट का ताला सही सलामत मिला, जिससे अंदेशा है कि चोर गेट कूदकर अंदर घुसे। घर के अंदर वाले दरवाजों के ताले टूटे हुए थे और हर कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने पूरे घर को खंगाल दिया था और कोई भी जगह नहीं छोड़ी थी। जब परिवार ने सामान की जांच की तो करीब 15 तोले सोना और नकदी गायब मिली।

# शैक्षणिक संस्थान के उत्थान में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका: प्रो. सोमनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सोमवार को दो वरिष्ठ शिक्षकों एवं सात गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति अवसर पर प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के उत्थान में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक व कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार होते हैं जो संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखेगा तथा भविष्य में भी सेवानिवृत्त शिक्षक व कर्मचारियों के अनुभव विश्वविद्यालय के काम आएंगे।

उन्होंने विश्वविद्यालय में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी के सुझाव लिए व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने भी सेवानिवृत्त शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में दी अपनी सेवा संबंधी विचार व अनुभव साझा किए। सभी ने भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर विश्वविद्यालय के लिए हर समय तैयार रहने का आश्वासन दिया व इस विदाई पार्टी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार प्रकट किया। सेवानिवृत्त होने वालों में समाज कार्य विभाग के वरिष्ठ प्रो. रमेश कुमार, गणित विभाग से वरिष्ठ प्रो. विनोद कुमार, कुलगुरु कार्यालय से सहायक कुलसचिव पवन कुमार, स्थापना शाखा नॉन-टीचिंग से सहायक राजकुमार सैनी, केमिस्ट्री विभाग से वरिष्ठ तकनीकी सहायक मोहिन्द्र सिंह, फिजिक्स विभाग से जूनियर टेक्निशियन ग्रेड-वन भूषण लाल, इलेक्ट्रॉनिक्स साइंस से लैब अटेंडेंट लिछमी देवी, सुरक्षा विभाग से सुरक्षा कर्मचारी रणबीर सिंह तथा निर्माण शाखा से पम्प ड्राइवर नफे सिंह शामिल है।

इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, प्रो. जीपी दुबे, प्रो. अनुरेखा शर्मा, प्रो. वनिता ढींगरा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. सुमित्रा, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, उपकुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा, एक्सईएन पंकज शर्मा, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर, अधीक्षक रेखा, सहायक मनदीप शर्मा सहित सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के परिवार के लोग मौजूद थे।

# हकेवि प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की पीठ द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सम्पन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस आयोजन के अंतिम दौर में एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत तथा लॉ सेंटर-1, दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दोनों टीमों ने अत्यंत प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए।

समापन सत्र के डॉ. बी.आर. अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के कुलपति प्रो. देविंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अंतिम दौर के निर्णायक मंडल में मुख्य अतिथि प्रो. देविंदर सिंह के साथ सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड अधिवक्ता सुमित किशोर तथा जिला न्यायालय, नारनौल के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश मेहता शामिल रहे। निर्णायक मंडल की विशेषज्ञता एवं सूक्ष्म मूल्यांकन ने प्रतियोगिता को अत्यंत शिक्षाप्रद और रोमांचक बना दिया।

प्रो. देविंदर सिंह ने अपने संबोधन में विधि विभाग की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएँ युवा विधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं।

**मंच**

**मूट कोर्ट प्रतियोगिताएँ युवा विधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं**

# दस साल के बच्चे से किया कुकर्म चाचा के बेटे पर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के इन्द्री थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बच्चे ने अपने पिता को आपबीती बताई, जिसके बाद मामला खुला। आरोप है कि आरोपी कई सालों से बच्चे को डराकर उसके साथ गलत काम करता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह साल 2005 से इटली में रह रहा है। उसकी पहली पत्नी से साल 2017 में तलाक हो चुका है। पहली शादी से उसका बेटा है, जिसकी उम्र करीब 10 साल है। तलाक के बाद बच्चे को उसने अपने भाई और उसकी पत्नी के पास छोड़ दिया था, जो उसकी देखभाल कर रहे थे।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने साल 2023 में दूसरी शादी की। इसके बाद भी उसका बेटा पहले की तरह ही उसके भाई के पास रहता रहा। बाद में अक्टूबर महीने में दोनों भाई अलग-अलग घरों में रहने लगे और नाबालिग को उसकी दूसरी पत्नी के पास छोड़ दिया गया।

शिकायत के अनुसार बीती 12 मार्च को शिकायतकर्ता इटली से वापस इंद्री आया था। 27 मार्च को जब वह अपने बेटे को नहला रहा था तो उसने देखा कि बच्चा ठीक से बैठ नहीं पा रहा है। पूछने पर बच्चे ने बताया कि उसका चचेरा भाई उसे अपने पास सुलाता था और हर रात डराकर उसके साथ कुकर्म करता था। बच्चा जब भी मना करता तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता था।

बच्चे ने अपने पिता को बताया कि यह सब कई सालों से चलता आ रहा था।

# सडक हादसे में दो बच्चों के पिता की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में शेरगढ़ के पास रविवार रात एक सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपने काम से घर लौट रहा था, तभी अचानक सामने नीलगाय आ गई और बाइक उससे टकरा गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गढ़ी बीरबल के 32 वर्षीय रमन लाडवा के सेलर में काम करता था। रविवार रात वह अपनी बाइक पर सवार होकर लाडवा से अपने गांव गढ़ी बीरबल लौट रहा था।

# इनेलो मंडियों में बनायेगी किसान कष्ट निवारण केंद्र: अभय



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 30 मार्च (बिजेंद्र सिंह)।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को पानीपत में गंगा एग्रो इंडस्ट्रीज में आयोजित प्रदेश स्तरीय मीटिंग में कहा कि किसानों और कमेरे वर्ग के हितों के लिये हरियाणा की प्रत्येक अनाज मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि किसानों को फसल खरीद, भुगतान, तोल, उठान और प्रशासनिक लापरवाही जैसी समस्याओं से राहत दिलाई जा सके। इन किसान कष्ट निवारण केंद्रों पर इनेलो के जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। किसानों को जो भी दिक्कत आयेगी, उसका समाधान करवाने का काम करेंगे। अभय सिंह चौटाला ने सभी जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों व अन्य पदाधिकारियों को कहा कि इनेलो अब किसान हितों की लड़ाई को केवल बयानों तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि प्रदेश की हर मंडी तक पहुंचकर जमीनी स्तर पर किसानों के हकों की लडाई लडेगी। पानीपत के गांव सुताना से ऊंटला रोड पर स्थित गंगा एग्रो इंडस्ट्रीज का अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को उदघाटन किया और उसके बाद प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों व अन्य पदाधिकारियों की मीटिंग ली। इनेलो किसान सैल के प्रधान महासचिव एवं गंगा ग्रुप के चेयरमैन प्रेम सिंह भालसी और युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डा. नवीन नैन भालसी ने अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, सभी जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का पगडी पहनाकर सम्मान किया।

प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बताया कि फसल खरीद सीजन के दौरान किसी भी किसान को मंडी में अपमान, देरी, भ्रष्टाचार या शोषण का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

**तैयारी**

**किसी भी किसान को मंडी में अपमान, देरी, भ्रष्टाचार या शोषण का सामना नहीं करने दिया जाएगा**

# पीएम मोदी ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर दिया जोर

**नितिन सिंगला जगाधरी**
पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में जगाधरी शहर के वार्ड नंबर 6 निवासी 21 वर्षीय युवा प्रथम बराड़ की चर्चा की जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सुंदर संदेश दिया था। देश के विभिन्न हिस्सों में 'ड्रोन दीदी' और स्वयं सहायता समूहों की सफलता की कहानियाँ साझा कीं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि मन की बात में पीएम मोदी ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आग्रह किया कि पुराने जल निकायों (बावडियों और तालाबों) का पुनरुद्धार करें।वर्षा जल संचयन के लिए सामुदायिक प्रयास बढ़ाएं।अमृत सरोवर' अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों के शक्ति केंद्र प्रमुख एवं सैंकड़ों बूथ प्रमुखो के साथ पीएम मोदी के मन की बात को भाजपा कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम के लिए पहले से ही इस बार जिला भाजपा पदाधिकारीगण की ड्यूटी पार्टी संगठन द्वारा लगा दी गई थी जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।मन की बात कार्यक्रम में जगाधरी विधानसभा लगातार 100% सरल पोर्टल पर अपलोड कर रहा है।चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि पीएम मोदी ने बताया कि मिलजुलकर प्रयास करने से सफलता प्राप्त होती है,। भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी पीएम मोदी को अपना आदर्श मानती है, पीएम मोदी युवा वर्ग में सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन ने सभी भाजपा कार्यकताओं में नया जोश भर दिया है ,प्रधानमंत्री मोदी जन-जन में लोकप्रिय है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा, मार्केट कमेटी चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, मंडल अध्यक्ष अमित चौधरी, मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी,चेयरमैन बलविंदर मुजाफत, चेयरमैन विपुल गर्ग, मंडल महामंत्री पूनम अग्रवाल,भाजपा नेता गुलशन अरोडा,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग सहित सैंकड़ों भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता साथ रहे।





# इस्माइलाबाद क्षेत्र में देर रात हमलावरों ने थार से कुचल कर युवक की हत्या कर दी

**इस्माइलाबाद (प्रदीप कुमार)** जहां हमलावरों की युवक से ऊख पर कहासुनी हुई थी। मृतक की पहचान पिहोवा के खेड़ी शीशगरां के साहिल के रूप में हुई है, जो कि करीब एक माह पहले ही अमेरिका से आया था।

शैमिन पंजरथ गुरु गोबिंद सिंह कॉलोनी, ठसका रोड, इस्माइलाबाद ने पुलिस को बताया कि उनका साला साहिल कुमार खेड़ी शीशगरां शादी के प्रोग्राम में शामिल होने आया था। प्रोग्राम में उनकी ही कॉलोनी का दीपांशु धवन डीजे पर डांस कर रहा था।

डीजे पर गाने को लेकर दीपांशु और साहिल कुमार के बीच थोड़ी बहस हुई, जिसे दोनों पक्षों ने समझा दिया। प्रोग्राम चलता रहा। लेकिन रात 12:40 बजे साहिल कुमार, शैमिन पंजरथ, सिमरदीप सिंह, रमन नागपाल और विपुल बजाज चम्मू चौक पर खड़े थे। तभी सामने से काली थार कार लफ 31 ह 2645) आई और पूरी तेजी से साहिल कुमार को टक्कर मार दी। इसमें उनको भी चोटें लगीं। दीपांशु धवन ने गाड़ी रोकी, शीशा नीचे किया। शैमिन ने पूछा कि क्यों बंदे मारना है क्या । दीपांशु ने जवाब दिया, ह्लअच्छा बच गयाह्व और फिर गाड़ी पीछे करके दोबारा साहिल कुमार पर चढ़ा दी। इसके बाद वह भाग गया। गाड़ी में दीपांशु के साथ उसकी बहन रिम्पा हवन और उसकी मां (पीछे की सीट पर) भी थीं। उनको घायल अवस्था में अम्बाला के प्राइवेट अस्पताल ले गए, यहां साहिल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में खुले में कूड़ा जलाने का नहीं थम रहा सिलसिला, कार्रवाई न होने से बढ़ा प्रदूषण

## औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग व आस-पास गांव के ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है

**वायु प्रदूषण**

**खुले में कूड़ा डालकर आग लगाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में खुले में कूड़ा डालकर आग लगाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार जलाए जा रहे कचरे से क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिससे औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग व आस-पास गांव के ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला केमिकल युक्त कचरा भी खुले में जलाया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत देने के बावजूद एचएसआइआइडीसी और संबंधित विभागों के अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कूड़ा जलने से उठने वाला धुआं गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैल रहा है, जिससे लोगों में सांस और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कूड़ा जलाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका पालन नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने कहा कि फेज-2 के मुख्य गेट के पास खाली जगह में लगातार कूड़ा जलाया जा रहा है। सोमवार को भी फेज-2 में ग्रीन बेल्ट में औद्योगिक कचरा डाल कर आग लगा दी गई, जिससे आग की लपटे और धूआं के गुबार फैल गया। वहीं, एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने भी खुले में कूड़ा जलाने को गलत बताते हुए कहा कि प्रदूषण विभाग और एचएसआइआइडीसी को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# जैन गर्ल्स कॉलेज की छात्रा जसविंदर कौर ने एमडीयू मेरिट में पाया पांचवां स्थान

**नाम रोशन**

**जसविंदर कौर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जैन गर्ल्स कॉलेज की बीकॉम ऑनर्स की छात्रा जसविंदर कौर ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त कर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने जसविंदर कौर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता जसविंदर की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कॉलेज के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी जसविंदर कौर बधाई दीं और उनकी मेहनत की सराहना की। कॉलेज प्रबंधन ने घोषणा की कि जसविंदर कौर की आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें विशेष स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। जसविंदर कौर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुग्रामः मुकेश अंबानी की वीडियो देखकर फंसा, गंवाए 15 लाख

**गुरुग्राम।** साइबर अपराध मानेसर थाना क्षेत्र में जालसाजों ने ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का प्रलोभन देकर एक युवक से 15 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-78 में रहने वाले ओमप्रकाश खोरीवाल सोमवार को बताया कि वह नवंबर 2025 में अपनी फेसबुक आईडी चला रहा था। इस दौरान उसने फेसबुक पेज पर ट्रेडिंग के संबंध में वीडियो विज्ञापन देखा। इस पर क्लिक किया तो उसमे मुकेश अंबानी, निर्मला सीतारमन व नारायणमूर्ति की वीडियो चलने लगी। इसमें बताया गया कि ट्रेडिंग मे 22 हजार रुपये इंवेस्ट करने पर हर महीने 22 लाख रुपए मिलेंगे। इसके बाद उसके व्हॉट्सअप पर ट्रेडिंग में इंवेस्टमेंट करने बारे मैसेज आए जिसमें एक ने अपना नाम रमन गुप्ता बताया और उस नंबर से ओमप्रकाश को बैंक डिटेल डाली। रमन गुप्ता ने उसे अलग-अलग बैंक अकाऊंट में पैसे जमा करवाने के लिए कहा। ओमप्रकाश उनके झांसे में आ गया और उसने अलग-अलग अकाउंट में पांच बार में 15 लाख से ज्यादा रकम ट्रांसफर कर दी। ओमप्रकाश को अपनी राशि पर भारी प्रॉफिट दशार्या गया। ओमप्रकाश के पास बीती नौ मार्च को विहान बिरला नामक युवक की कॉल आई जिसने खुद को सेबी और एफआईयू का का अधिकारी बताया। उसने ओमप्रकाश को पूरा प्रॉफिट लेने के लिए और रुपए जमा कराने को कहा। ओमप्रकाश को अहसास हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो रहा है। उसने अपने रुपए मांगे तो उसका फोन उठाना ही बंद कर दिया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

### गुरुग्रामः कंपनी के कर्मचारी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** मानेसर थाना क्षेत्र स्थित कासन की ढाणी में कंपनी कर्मी ने अपने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी शिवम (27) गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। वह कासन की ढाणी में कमरा किराये पर लेकर रहता था। रविवार को कंपनी में छुट्टी होने के चलते शिवम कमरे पर ही था। दोपहर बाद करीब तीन बजे पड़ोस में रहने वाला एक बच्चा शिवम के कमरे की तरफ गया। बच्चे ने कमरे का दरवाजा खोला तो शिवम को फंदे पर लटका देखा। बच्चे ने जाकर अपने माता-पिता को बताया। शिवम द्वारा आत्महत्या करने के बारे में पुलिस को सूचना दी।

जांच अधिकारी एएसआई प्रदीप ने बताया कि कमरे में लोहे के एंगल पर चुन्नी से फंदा लगाकर शिवम ने आत्महत्या की है। परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं, कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। शिवम के मानसिक रूप से परेशान रहने की बात सामने आई है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### सिरसाः सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**सिरसा।** जिले के गांव नाथूसरी कलां के निकट सिरसा-भादरा रोड पर एक वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को चोपटा के पीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अग्रोहा मेडिकल कालेज में युवक की रविवार रात मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गांव चाडीवाल निवासी रवि के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रवि अविवाहित था और दो भाई थे। रवि मजदूरी का कार्य करता था। उसके पिता की पहले मौत हो चुकी है। रवि की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। नाथुसरी चौपटा थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि मृतक के चाचा सज्जन सिंह की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शव का सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# भगवान महावीर ने विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाया था : देवेंद्र कादियान




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** श्री 1008 महावीर भगवान के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में सकल दिंगबर जैन समाज द्वारा आयोजित एक शाम महावीर के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम रविवार सायं शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर धर्मशाला, जैन गली में श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में भक्ति गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भगवान महावीर के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी अंकित मल्होत्रा व वार्ड 13 पार्षद राजेश शर्मा शामिल रहे। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाया था। उनके सिद्धांत आज भी समाज में शांति, सद्भाव और मानवता को मजबूत करने की प्रेरणा देते है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जन्म कल्याणक केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता को सही दिशा देने का संदेश है। इस अवसर पर विजेंद्र जैन, सुरेंद्र जन, पदम जैन, नरेंद्र जैन, मुकेश जैन व पार्षद अजय सरोहा सहित अन्य मौजूद रहे। -

# एक और नई योग कक्षा की शुरूआत की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षाओं का विस्तार करते हुए एक और नई योग कक्षा की शुरूआत की गई। दीवान कॉलोनी, कल्पना चावला हॉस्पिटल के सामने स्थित इस योग कक्षा की शुरूआत आराधना के साथ यौगिक क्रियाएं करते हुए की गई।

प्रातःकाल की बेला में योग शिक्षक और नए साधकों ने पहुंचकर योग का अभ्यास किया।दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग शरीर और मन को शांत करने, मांसपेशियों के तनाव को कम करने और मानसिक शांति पाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। योग आरम्भ करने से पहले कुछ नियम आवश्यक है, जिसमें सही मुद्रा, गहरी और धीमी श्वास, शांत वातावरण, सही समय, और सही कपड़ों का चुनाव आदि शामिल है।

उन्होंने साधकों को सर्वाइकल, शुगर को दूर करने के लिए क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंनें शरीर को रोगमुक्त रखने के लिए भस्त्रिका, कपालभाति,तथा अनुलोम विलोम के पश्चात भ्रामरी, उदगीत,व प्रणव प्राणायाम का ज्ञान साधकों को दिया।

# मास्टर बनारसी दास जाणी की शानदार सेवा एक मिसाल रही शिक्षा विभाग में: शोभा रानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के जाने माने समाजसेवी तथा शिक्षाविद बनारसी दास शिक्षा विभाग में 31 साल की शानदार सेवा के बाद रिटायर हुए। वह राजकीय मिडिल स्कूल गुल्लरपुर से रिटायर हुए। उन्हें गांव के मौजिज लोगों बच्चों अध्यापकों समजसेवी, धार्मिक राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी।

शिक्षा विभाग की एबीआरसी शोभा रानी ने बताया कि बनारसी दास की सेवा एक मिसाल रही। उन्होंने मौलिक मुख्य अध्यापक के रूप में शानदार सेवाएं दीं। उन्होंने बताया कि बनारसी दरस ने 31 साल पहले राजकीय हाई सकूल राहड़ा में सामाजिक अध्यापक के रूप में सेवा शुरू की। उसके बाद वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय हाई सकूल जाणी, के बाद वह हेड मास्टर के रूप में प्रमोट होकर सीतामाई में राजकीय हाई स्कूल में हेड मास्टर बन गए। उसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी में सेवाएं दीं। वह पिछले चार सालों से गुल्लरपुर में सेवारत थे। मास्टर बनारसी दास ने कहा कि उन्हें शिक्षा विभाग मे सेवा करते हुए सभी का प्यार और सम्मान मिला। वह सभी के आभारी हैं।

# विधायक ने खुला जनता दरबार लगाकर सुनी हलके के लोगों की समस्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। स**ोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने निजी कार्यालय पर खुला जनता दरबार लगाकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की सार्वजनिक व निजी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए। जनता दरबार में सर्वाधिक शिकायतें बिजली, पेंशन, गली व सड़क खस्ताहाल, राशन कार्ड, पुलिस समेत कई विभागों से संबंधित थी। विधायक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कादियान ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है।



# महर्षि कश्यप जयंती 5 अप्रैल को गांव बरोट में मनाई जाएगी

**लाडवा 30 मार्च (विजय कौशिक)** : आज लाडवा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लाडवा विधानसभा के गांव बरोट में होने वाले महर्षि कश्यप जयंती को मनाने के लिए एक कश्यप समाज के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिस बैठक में हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के अध्यक्ष एडवोकेट राम कुमार कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए रामकुमार कश्यप ने कहा कि हल्का स्तरीय कश्यप जयंती में मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी बरोट में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप ऋषि

# पुरखास के कुश गुलिया बने ऑल इंडिया बाल केसरी

**खिताब**

**कुश ने मोहाली में ऑल इंडिया बाल केसरी खिताब अपने नाम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गांव पुरखास के होनहार खिलाड़ी कुश गुलिया ने पंजाब के मोहाली में आयोजित खेलो में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया बाल केसरी खिताब अपने नाम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुश की इस उपलब्धि से गांव पुरखास में खुशी की लहर है। कुश गुलिया के पिता अर्जुनवाड़ी डीएसपी रमेश गुलिया, दादा बलवान सिंह गुलिया, ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने कुश को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने भी इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया और बताया कि कुश बचपन से ही खेलों के प्रति समर्पित रहा है। इससे पहले भी कुश गुलिया ने उत्तर प्रदेश के बलिया में आयोजित स्कूल नेशनल गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता था। कोच ने बताया कि कुश गुलिया मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी है, जो नियमित अभ्यास और लगन के दम पर लगातार सफलता प्राप्त कर रहा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यदि इसी तरह मेहनत जारी रही तो वह आने वाले समय में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेगा।

कुश गुलिया के साथ उनके पिता अर्जुनवाड़ी डीएसपी रमेश गुलिया खुशी व्यक्त करते हुए।

# सिरसाः अवैध पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने जिले के गांव सुरतिया क्षेत्र से एक व्यक्ति को 12 बोर का अवैध पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जसविंद्र सिंह के रूप में हुई है। नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने सोमवार बताया कि पुलिस टीम गांव सुरतिया क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुडकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे दबोच लिया और तलाशी ली तो उसके कब्जे से 12 बोर का एक अवैध पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**आभूषण चोरी की वारदात सुलझी,आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस ने सिरसा जिले के गांव चामल में एक मकान से आभूषण चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरविंद्र सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गांव चामल निवासी अमनदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि अज्ञात लोग उसके घर का ताला तोडकर सोने के आभूषण चुरा ले गए हैं।

# सुरजीत सिंह सैनी राजस्व विभाग में 29 वर्षों की लंबी सेवा करने के उपरांत सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 30 मार्च (विजय कौशिक)** : लाडवा विधानसभा के बाबैन उप तहसील में कार्यरत पटवारी सुरजीत सिंह सैनी आज राजस्व विभाग में लगभग 29 वर्षों की लंबी, ईमानदार और समर्पित सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उप तहसील परिसर में उनके सम्मान में एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित कर अधिकारियों, कर्मचारियों व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में लाडवा के एसडीएम अनुभव मेहता मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि नायब तहसीलदार बाबैन गीता राम सहित राजस्व विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी, नम्बरदार व गणमान्य लोग, सुरजीत सिंह के परिजन व रिश्तेदार भी मौजूद रहे। भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लाडवा के एसडीएम अनुभव मेहता ने सुरजीत सिंह सैनी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में जिस ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का परिचय दिया वह भगवान की पूजा से कम नहीं है। उन्होंने आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर ईमानदारी से करते हुए राजस्व विभाग की गरिमा को बढ़ाया है। उन्होंने सुरजीत सिंह सैनी को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल व सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बाबैन गीता राम ने कहा कि सुरजीत सिंह सैनी का व्यवहार सरल एवं मिलनसार रहा, जिसके चलते वे न केवल विभागीय कर्मचारियों बल्कि आम लोगों के बीच भी काफी लोकप्रिय रहे। उनके कार्यकाल के दौरान राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने में उनका अहम योगदान रहा। इस अवसर पर लाडवा के एसडीएम अनुभव मेहता, नायब तहसीलदार गीता राम, पटवारियों, नंबरदारों, अर्जनानविश, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुरजीत सिंह सैनी ने भावुक होते हुए कहा कि विभाग में बिताए गए 29 वर्ष उनके जीवन के अमूल्य पल रहे हैं जिसे वे कभी भूला नहीं पाएंगे। उन्होंने अपने सेवा काल में वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और क्षेत्रवासियों का जो सहयोग व अपार स्नेह मिलने पर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहेंगे और हमेशा ही लोगों के हित में काम करते रहेंगे।



# कैथलः नरवल गांव में युवक की पीट-पीटकर हत्या, चार लोगों पर केस दर्ज

**कैथल।** हरियाणा के कैथल जिले के नरवल गांव में आपसी रंजिश के चलते 34 वर्षीय युवक की डंडों, लाठियों और ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पड़ोस में रहने वाले एक ही परिवार के चार लोगों पर हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पत्नी रीना ने बताया कि 29 मार्च को उसका पति संदीप और देवर घर से बाहर गए हुए थे, जबकि वह और उसकी देवरानी रीतू घर पर थीं। इसी दौरान पड़ोसी रजत उनके घर में घुस आया और उसकी देवरानी के साथ झगड़ा करने लगा। शोर सुनकर जब वह मौके पर पहुंची तो रजत ने उसके साथ भी मारपीट की और वहां से फरार हो गया। रीना के अनुसार, जब उन्होंने इस घटना की शिकायत आरोपी के परिवार से की तो उन्होंने भी गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। इस दौरान परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। रात को जब संदीप घर लौटा तो उसे पूरी घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद वह शिकायत देने के लिए राजौंद थाने जा रहा था। जैसे ही वह घर से बाहर निकला, आरोपियों ने उसे घेर लिया और डंडों, लाठियों व ईंटों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल संदीप को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे कैथल रेफर कर दिया गया।



## न्यूज फ्लैश

## स्कूली किताबों और वर्दी के नाम पर अभिभावकों की लूट बर्दाश्त नहीं: ग्राहक पंचायत ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हरियाणा की जिला पलवल टीम ने स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को पंचायत के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जिला पालक गुरुदत्त गर्ग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर निजी स्कूलों द्वारा सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाने पर अंकुश लगाने की मांग की है।

ठउएफ्ळ पुस्तकों की अनिवार्यता पर जोर
ज्ञापन में सीबीएसई के नवीनतम सर्कुलर का हवाला देते हुए बताया गया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पुस्तकें अनिवार्य हैं, जबकि पहली से 8वीं तक भी उन्हीं पुस्तकों के उपयोग की सख्त सलाह दी गई है। गुरुदत्त गर्ग ने कहा कि कई स्कूल निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें जबरन थोप रहे हैं, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि स्कूल अपनी वेबसाइट पर पुस्तकों की सूची और प्रिंसिपल के हस्ताक्षर वाला घोषणा पत्र सार्वजनिक करें।

**विशेष दुकानों से खरीदारी और भारी बस्ते पर रोक की मांग**
ग्राहक पंचायत ने उपायुक्त का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को विशेष दुकानों से ही वर्दी, जूते और किताबें खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। यह 'टाई-इन सेल्स' के नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा, 'स्कूल बैग पॉलिसी 2020' के तहत बच्चों के बस्ते का वजन निर्धारित सीमा में रखने और उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर प्रशासनिक कार्यवाही करने की भी मांग की गई है।

निरीक्षण और शिकायत तंत्र बनाने की अपील
प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से आग्रह किया कि जिले में एक प्रभावी निरीक्षण दल (क्ल्ल२स्र्१ू३ङ्ल्ल ळीं) का गठन किया जाए, जो स्कूलों में जाकर इन नियमों की पड़ताल करे। साथ ही, अभिभावकों के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाए ताकि वे बिना किसी डर के स्कूलों की मनमानी की रिपोर्ट कर सकें। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी और जागरूक अभिभावक मौजूद रहे।

## जिला जेल की कृषि भूमि को ठेके पर देने के लिए 8 अप्रैल को होगी खुली बोली

**सिरसा, (शुभम खटक)**
जिला जेल प्रशासन द्वारा कृषि भूमि को ठेके पर देने के लिए 8 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जिला जेल, बरनाला रोड, सिरसा स्थित जेल अधीक्षक कार्यालय में खुली बोली आयोजित की जाएगी। यह भूमि डबवाली गांव में मुख्य सडक के पास स्थित लगभग 3 एकड़ 4 मरले क्षेत्रफल की है, जिसे वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु ठेके (कॉन्ट्रैक्ट) पर दिया जाएगा।
जेल अधीक्षक जसवंत सिंह ने बताया कि जेल प्रशासन द्वारा जारी शर्तों के अनुसार बोली में भाग लेने के लिए प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति को 10 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करवानी अनिवार्य होगी। कृषि भूमि पर सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी। विभाग केवल भूमि उपलब्ध कराएगा, जबकि खेती से संबंधित अन्य सभी सामग्री जैसे बीज, खाद, औजार और मजदूरी का खर्च ठेकेदार को ही वहन करना होगा।
ठेकेदार को किसी भी प्रकार की नशीली या अवैध/निषिद्ध फसल उगाने की अनुमति नहीं होगी। बोली में सफल ठेकेदार को जमीन के ठेके की पूरी राशि बोली के 7 दिनों के भीतर जिला जेल सिरसा के कार्यालय में जमा करवानी होगी। निर्धारित समय सीमा में राशि जमा न करने पर उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों की जमानत राशि मौके पर ही वापस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अन्य शर्तों की जानकारी बोली के समय ही दी जाएगी। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

# शहीदों को अनूठी श्रद्धांजलि: हसनपुर में 60 युवाओं ने किया रक्तदान, बचाएंगे दूसरों का जीवन

**रक्तदान**

चौहान क्लीनिक में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को हसनपुर के मुख्य बाजार स्थित चौहान क्लीनिक में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 'पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज' द्वारा आयोजित इस शिविर में 60 रक्त मित्रों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर क्रांतिकारी शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
क्रांतिकारियों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान
शिविर का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. पदम सिंह चौहान, मास्टर शेर सिंह चौहान, डॉ. एस.एस. चाहर, डॉ. प्रदीप और वैश्य भारती के मुख्य संपादक हितेश जिंदल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले इन वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज का युवा वर्ग रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के जरिए उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज सेवा कर रहा है।

**रक्तदान से स्वस्थ रहता है शरीर**
शिविर के मुख्य संयोजक आर्यवीर लायन डॉ. विकास मित्तल, डॉ. कुलदीप सिंह चौहान और क्लब की सह-संयोजक अल्पना मित्तल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। डॉ. विकास मित्तल ने बताया कि जिस प्रकार शहीदों ने देश के लिए अपना लहू बहाया, उसी प्रकार हमें अनजान मरीजों की जान बचाने के लिए नियमित रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बार के रक्तदान से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। साथ ही, रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, कोलेस्ट्रॉल घटता है और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है।
इनका रहा विशेष सहयोग
कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नरेश डागर, नेपाल सिंह, संजीव, पूजा, दीपक, संजय बॉबी, मनोज गोयल, देवीलाल, ज्योति और भव्य सहित अन्य गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## मेवात में तबलीगी जलसे की तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
मेवात के अड़बर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में आगामी तबलीगी जलसे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। क्षेत्रवासी इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं, वहीं समाजसेवियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी शुरू कर दी है।
मेवात क्षेत्र में तबलीगी जलसे का इतिहास करीब 125 वर्ष पुराना माना जाता है।
स्थानीय लोगों के अनुसार, इस प्रकार के सार्वजनिक धार्मिक आयोजनों की शुरूआत भी यहीं से हुई थी, जिसके चलते मेवात का तबलीग से विशेष और ऐतिहासिक जुड़ाव रहा है। नूंह के अड़बर गांव में 4 से 6 अप्रैल तक बड़े स्तर पर तबलीगी जलसे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान हजरत मोलांना शाद शामिल होंगे, जो अपने संदेशों के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन देंगे। वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता रमजान चौधरी ने बताया कि मेवात तबलीग के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि शिक्षा, सामाजिक सुधार और जीवनशैली से जुड़े सकारात्मक संदेश भी दिए जाने चाहिए।समाजसेवियों का मानना है कि तबलीगी जलसे समाज में भाईचारा, एकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम बनता है। धार्मिक गुरुओं के भाषणों का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है, जिससे लोगों में अच्छी आदतों और शिष्टाचार को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

## जिला में सब्जियों की एकीकृत फसलों पर दिया जा रहा है प्रति एकड़ 15 से 25 हजार रुपये का अनुदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
समय के साथ-साथ खेती के तौर तरीकों में हो रहे बदलावों के प्रति छोटे व सीमांत किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के अनुदान दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में एकीकृत सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने के लिए सामान्य वर्ग के किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को 25 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।किसान सूक्ष्म सिंचाई या टपका सिंचाई प्रणाली का उपयोग कर कम पानी वाली फसलों से अधिक मुनाफा कमा सकें, इसके लिए सरकार द्वारा सब्जियों की एकीकृत फसलों पर अनुदान दिया जा रहा है। चूंकि जिला में निरंतर घटता भूजल स्तर चिंता का विषय है, ऐसे में सब्जियों की खेती एक बेहतर विकल्प है। सब्जियों को उगाना इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि बाजार में ताजी सब्जियों की मांग हर समय बनी रहती है व इसकी बिक्री के बाद तुरंत नगद भुगतान मिल जाता है। किसान इसे बेचकर लगातार अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। सब्जियों की खेती पर सरकार द्वारा अनुदान देने के साथ साथ निरंतर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे है। जिला बागवानी अधिकारी दीन मोहम्मद ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत उपरोक्त अनुदान स्कीम के माध्यम से एक किसान को यह मदद अधिकतम 5 एकड़ तक के लिए दी जा सकती है। शर्तों को पूरा करने पर यह पैसा सीधे किसान के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुदान का पात्र होने के लिए आपका वेबसाइट ६६६.ँङ्म१३ँ१८ल्ल्ॅ.ङ्म५.ल्ल/ील्ल पर रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। बागवानी विभाग में चल रही विभिन्न स्कीमों के तहत किसानों को अनुदान का लाभ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा आवेदन से पहले सभी किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## नूंह में बेमौसमी बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
नूंह जिले में आज हुई झमाझम बेमौसमी बारिश ने किसानों की चिंताओं को काफी बढ़ा दिया है। खेतों में खड़ी फसलों पर इसका प्रतिकूल असर देखने को मिल रहा है, जिससे बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है।
किसानों का कहना है कि कई जगहों पर फसल काली पड़ने लगी है और अभी फसल पूरी तरह तैयार भी नहीं हुई थी कि बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए। किसानों के अनुसार, इस समय अधिकांश फसलें खेतों में खड़ी हैं और उनकी कटाई या पूरी तरह वृद्धि अभी बाकी थी। ऐसे में अचानक हुई बारिश ने फसल की गुणवत्ता को प्रभावित किया है।
कई किसानों ने बताया कि नमी और मौसम में बदलाव के कारण फसल खराब होने लगी है।

## समाधान शिविर में डीडीपीओ ने सुनी आमजन की समस्याएं



**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह ने आमजन की शिकायतें सुनी। आयोजित इस समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। इसके साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में कुल छह शिकायतें प्राप्त हुई।
डीडीपीओ बलजीत सिंह ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की उच्च स्तर पर समीक्षा की जाती है, इसलिए अधिकारी इनका गंभीरता से निवारण करें। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। नागरिक समाधान शिविरों में पहुंच कर अपनी समस्याओं का निवारण करवा सकते हैं।

# आमजन की समस्याओं को सुनने का समाधान शिविर एक अच्छा प्लेटफार्म: उपायुक्त

**समाधान शिविर**

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सोमवार को समाधान शिविर में की जन शिकायतों की सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह शिविर जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी आयोजित हो रहे हैं। जहां एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनते हैं और उनका तय समय सीमा के भीतर समाधान करना सुनिश्चित करते हैं।
इसी क्रम में सोमवार को पलवल के जिला सचिवालय में स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने की। उपायुक्त ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का प्रमुख लक्ष्य लोगों को राहत प्रदान करना है। यदि कोई व्यक्ति शिकायत लेकर आता है तो संबंधित विभाग के अधिकारी उसी समय पूरी गंभीरता से मामले की जांच करें और यथासंभव उसी दिन समाधान सुनिश्चित करें।
उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अधिकारी अपने साथ संबंधित कर्मचारियों को लाएं और समाधान शिविर से संबंधित पेंडिंग शिकायतों का समाधान शिविर में ही निपटान सुनिश्चित करें।
उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया ताकि बहु-विभागीय मामलों का समाधान जल्द से जल्द हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों का तत्काल प्रभाव से निवारण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर में वृद्धावस्था व विधवा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र में अधिक आय, सहित अन्य शिकायतें सुनी और उनका समाधान करवाने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर नगराधीश प्रीति रावत, डीएसपी अनिल कुमार, डीएसपी यशपाल खटाना, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, उपसिविल सर्जन डा. रामेश्वरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का उद्घाटन आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में खेल संरचनात्मक ढ़ांचें को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक (400 मीटर, 08 लेन) का उद्घाटन 31 मार्च 2026, मंगलवार को किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, श्री अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।
यह आधुनिक सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक ह्यखेलो इंडिया योजनाह्ण के अंतर्गत निर्मित किया गया है, जो विश्वविद्यालय में खेल प्रतिभाओं को विकसित करने और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस ट्रैक के निर्माण से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध होगी तथा खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी।
विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस अत्याधुनिक एथलेटिक्स ट्रैक के माध्यम से न केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बल्कि आसपास के क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।
यह पहल खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।
ट्रैक का उद्घाटन करने के बाद श्री अनुराग ठाकुर विश्वविद्यालय के वंदे मातरम सभागार में विशेष व्याख्यान देंगे जिसमें विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी विषय पर चर्चा होगी।

## मेडिकल कॉलेज में शहीद हसन खान मेवाती एकेडमिक चेयर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिले के नलहड़ स्थित शहीद हसन खाँ मेवाती मेडिकल कॉलेज में शहीद हसन खाँ मेवाती के 499वें शहीदी दिवस के अवसर पर ह्यशहीद हसन खान मेवाती एकेडमिक चेयरह्ण का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के इतिहास का पहला और विशेष आयोजन माना जा रहा है, जिसमें डॉक्टरों, स्टाफ, कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर लगभग एक बजे हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहीद राजा हसन खान मेवाती स्मारक कमेटी के अध्यक्ष एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सरदार एस. मलिक शामिल हुए।

## रानियां रोड़ स्थित खेत्रपाल धर्मशाला में संकीर्तन और भंडारे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(शुभम खटक)**जय बाबा खेत्रपाल सेवा समिति सिरसा की ओर से बाबा खेत्रपाल धर्मशाला में 18वां विशाल संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने शिरकत की। गोबिंद कांडा ने पूजा अर्चना की और संत जनों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपनी ओर से समिति को 51 हजार रुपए का योगदान दिया। आयोजकों ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व प्रसाद प्रदान कर सम्मानित किया।
सिरसा के रानियां रोड की गली जंडीवाली स्थित बाबा खेत्रपाल धर्मशाला में बेबे रामप्यारी और बाबा आशादेवा के आशीर्वाद से इस संकीर्तन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुजावलपुर धाम से पहुंचे भगत चिमन लाल नरूला ने ज्योत प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भगत ओमप्रकाश बब्बर, भगत चिमन लाल बब्बर व भगत कुलवंत राय नरूला बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। विशाल संकीर्तन एवं भंडारे में अबोहर पंजाब से आए कलाकार गुरबख्श सिंह, अनीश चंचल अरोड़ा, गंगानगर से आए पवन दुरेजा व सिरसा के मौजूखेड़ा गांव से सीतल सीता ने भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। बाबा खेत्रपाल सुजावलपुर धाम की ओर से पहुंचे कलाकारों ने बाबा खेत्रपाल की महिमा का गुणगान किया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप से गोबिंद कांडा शामिल हुए। उनका समिति के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और संकीर्त स्थल तक ले गए।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लोक कलाकार धर्मवीर सिंह तंवर हुए सेवानिवृत्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के पलवल स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में लीडर भजन पार्टी के पद पर कार्यरत धर्मबीर सिंह तंवर 60 वर्ष की आयु पूरी करने उपरांत अपने पद से सेवानिवृत्त हो गए। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में सोमवार को एलबीपी धर्मवीर सिंह तंवर के सम्मान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार व अधीक्षक राजबीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया और धर्मबीर सिंह तंवर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ शानदार विदाई दी गई। इस अवसर पर डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार व सभी कर्मचारियों की ओर से धर्मवीर सिंह तंवर का फूल मालाओं के साथ सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आईटीआई प्रशिक्षु दीपक का भी मान-सम्मान किया गया। भजन पार्टी लीडर धर्मबीर सिंह तंवर ने 01 अगस्त 1988 को तहसील पलवल जिला फरीदाबाद में बतौर एलबीपी के पद पर अपनी सेवा की शुरूआत की थी।
उन्होंने जिला फरीदाबाद, समालखा जिला पानीपत व जिला पलवल के कार्यालय में विभाग को अपनी अच्छी सेवाएं प्रदान की। धर्मबीर सिंह तंवर ने लगभग 38 साल की सेवा उपरांत आज पलवल जिला से सेवानिवृत्त हो गए।
जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं से मुक्त होना सरकारी प्रक्रिया का भाग है। सभी को एक दिन सेवामुक्त होना है लेकिन अधिकारी-कर्मचारी की सेवानिवृति का वो क्षण तब सुखद हो जाता है, जब बेदाग सेवानिवृत्ति होने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि धर्मबीर सिंह तंवर विभाग को अपनी सेवाएं देने में सदैव आगे रहे और अपने काम के पूरी तरह प्रति वफादार, समर्पित और अनुशासित रहे। उन्होंने विभाग के हर छोटे-बड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हमेशा मान-सम्मान किया। वे जहां भी रहे वे कर्मचारियों के बीच अपनी बेहतरीन व स्वच्छ छवि के लिए जाने गए।
डीआईपीआरओ ने उनके बेहतर स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य व सुखद जीवन की कामना की।
अधीक्षक राजबीर सिंह ने धर्मबीर सिंह तंवर को नेक दिल इंसान, बेहतरीन कर्मचारी व मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताते हुए उनकी कार्य कुशलता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब कोई अधिकारी या कर्मचारी नियुक्त होता है, उसकी सेवानिवृति का दिन भी उसी दिन निर्धारित हो जाता है।

## घर से सोना-चांदी के आभूषण चोरी की वारदात सुलझी, आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा.(शुभम.खटक).**पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार जिला मे संपति विरुध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की सीआईए सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव चामल में स्थित एक घर से सोना-चांदी के आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने गांव चामल से गिरफ्तार कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए प्रभारी ने बताया कि गांव चामल निवासी अमनदीप पुत्र दयाल चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मैं और मेरी पत्नी जॉब करते है 14 अक्टूबर 2023 को सुबह करीब 8 बजे घर पर ताला लगाकर ड्यूटी पर चले गए थे ।शाम को वापस घर आकर देखा तो घर मे रखी अलमारियों के ताले टुटे हुए मिले और सारा सामान बिखरा हुआ पडा था ।मेरी पत्नी ने घर मे रखी अलमारी को चैक किया तो अलमारी मे रखे सोने झचांदी के आभूषण चोरी होने पाए गए । उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना सदर सिरसा में अज्ञात युवकों के खिलाफ सोना,चांदी के आभूषण चोरी का मामला दर्ज कर जांच सीआईए सिरसा पुलिस को सौपीं गई ।

## न्यूज फ्लैश

### नारायणा अस्पताल में दोहरी सर्जरी से सात महीने के शिशु को मिली नई जिंदगी

**रेवाड़ी।** नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने एक सात महीने के गंभीर रूप से बीमार बच्चे को सफलतापूर्वक उपचारित किया, जो नेपाल का रहने वाला था और जिसे जन्मजात लीवर रोग के साथ-साथ जीवन-खतरनाक ब्रेन हेमरेज की समस्या थी। जन्म के पहले सप्ताह में ही उसे लगातार पीलापन और मिट्टी जैसे रंग का मल दिखाई दिया, जो सर्जिकल जॉन्डिस के शुरूआती संकेत थे। जांच में पता चला कि बच्चे को बाइलरी एट्रेसिया है, एक दुर्लभ रोग जिसमें पित्त नलिकाएं अनुपस्थित या अवरुद्ध होती हैं, जिससे लीवर धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होता है। जुलाई 2025 में बच्चे ने नेपाल में कसाई सर्जरी करवाई, इसके बावजूद स्थिति बिगड़ती गई और लीवर को गंभीर क्षति (बाइलरी सिरोसिस) पहुंच गई। इस मामले का प्रबंधन नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम की मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने किया, जिसमें शामिल थे, लीवर ट्रांसप्लांट सर्जनः डॉ. संजय गोजा, डॉ. संजय यादव, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. बप्पादित्य हार, पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट & हेपाटोलॉजिस्टः डॉ. शिवानी देसवाल, न्यूरोसर्जनः डॉ. उत्कर्ष भगत, एनेस्थेटिस्टः डॉ. मनु थॉमस, पीडियाट्रिक एनेस्थेटिस्टः डॉ. अनुपम पुरकायस्थ। डॉ. संजय गोजा ने बताया, मुख्य समस्या लीवर से संबंधित रक्त जमने की विकार थी, जिससे बार-बार रक्तस्राव हो रहा था, यहां तक कि मस्तिष्क में भी। सिर्फ जीवित रहने के लिए नहीं, बल्कि न्यूरोलॉजिकल नुकसान से बचाने के लिए लीवर प्रत्यारोपण आवश्यक था।

बच्चे में विकास में देरी और न्यूरोलॉजिकल लक्षण दिखने लगे, इसलिए मेडिकल टीम ने परिवार से चर्चा के बाद स्टेप-वाइज उपचार का निर्णय लिया। 23 जनवरी 2026 को न्यूनतम आक्रामक मस्तिष्क सर्जरी की गई। डॉक्टरों ने बाएं सिर के हिस्से में छोटा उद्घाटन कर कैमरा-एसिस्टेड तकनीक से रक्त हटाया और मस्तिष्क पर दबाव कम किया।इसके बाद बच्चा निगरानी में रखा गया और स्थिर किया गया। उचित पोषण, दवाइयां और सहायक देखभाल सुनिश्चित की गई, ताकि अगले चरण के लिए तैयारी हो सके। 12 फरवरी 2026 को पिता द्वारा लीवर का हिस्सा दान कर लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया। क्षतिग्रस्त लीवर को हटाकर स्वस्थ लीवर का हिस्सा प्रत्यारोपित किया गया। सर्जरी के छह सप्ताह बाद बच्चा कम दवा पर अच्छा कर रहा है, कोई न्यूरोलॉजिकल नुकसान नहीं है और उम्र के अनुसार सामाजिक बातचीत कर रहा है।

### टाटा सॉल्ट ने देशभर की टेस्टिंग में शुद्धता के साथ कैटेगरी लीडरशिप को किया और मजबूत

**हिसार।** 1983 से भारत में आयोडीन युक्त नमक के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड रहा टाटा सॉल्ट एक बार फिर अपनी शुद्धता और भरोसे पर खरा उतरा है। एक लैब टेस्ट में 100 अलग-अलग नमक ब्रांड्स की जांच की गई, जिसमें टाटा सॉल्ट सबसे ज्यादा शुद्ध पाया गया। इस नतीजे ने टाटा सॉल्ट को देशभर में नमक की शुद्धता का एक मजबूत मानक बना दिया है। टाटा सॉल्ट हमेशा से अपने उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता का खास ध्यान रखता है। इसी सोच के साथ कंपनी ने अपने नमक को कड़े गुणवत्ता मानकों और नियमों के तहत जांच के लिए पेश किया। इस जांच ने फिर साबित किया कि टाटा सॉल्ट शुद्धता और गुणवत्ता के मामले में भरोसेमंद विकल्प है। टाटा नमक हमेशा से अपनी अच्छी गुणवत्ता और भरोसे के लिए जाना जाता है। नमक के क्षेत्र में यह शुद्धता और विश्वसनीयता का एक मजबूत उदाहरण बना हुआ है। अपनी इस पहचान को बनाए रखने के लिए, कंपनी समय-समय पर सख्त गुणवत्ता जांच करती है और सभी जरूरी नियमों का पालन करती है। इन लगातार कोशिशों का मकसद यही है कि लोगों तक हमेशा अच्छा और भरोसेमंद आयोडीन युक्त नमक पहुंचे। इसी वजह से घर-घर में टाटा नमक पर विश्वास किया जाता है और शुद्धता व अच्छी गुणवत्ता के लिए इसे पहली पसंद माना जाता है। टाटा सॉल्ट की यह उपलब्धि चार दशकों से ज्यादा समय की उस यात्रा का हिस्सा है, जिसमें लगातार लोगों का भरोसा जीता है। यह उपभोक्ताओं को अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य के लिए सही विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करता है। टाटा सॉल्ट की यह कामयाबी चार दशक पहले शुरू हुए सफर का ही नतीजा है। यह उपभोक्ताओं को उचित मात्रा में आयोडीन के साथ अपनी सेहत को पहले रखने के लिए बढ़ावा देता है, ताकि वे ऐसा ब्रांड चुनें जो न सिर्फ.समय की कसौटी पर खरा उतरा हो बल्कि उसे पहचान भी दी हो। सिर्फ.एक प्रोडक्ट से कहीं ज्यादा, टाटा सॉल्ट देश के भरोसे का प्रतीक बना हुआ है, 'देश का नमक' प्योरिटी के अपने शुरूआती वादे को लगातार पूरा कर रहा है।

# सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताः एडीसी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि सडक सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ प्रभावी रूप से कार्य करना होगा। अतिरिक्त उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक के दौरान एजेंडे में रखे गए बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास करना आवश्यक है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।




बैठक में एक्सीडेंट प्रोन एरिया/ब्लैक स्पॉट्स की पहचान एवं सुधार, रोड सेफ्टी ऑडिट, सडकों के पैच वर्क तथा अन्य संबंधित कार्यों और यातायात के नियमों की पालना करवाने बारें विस्तार से चर्चा की गई। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त ने पिछली बैठक के तहत जिन बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए थे उसकी भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां भी सडकों की मरम्मत या पैच वर्क की आवश्यकता है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाई जाए तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, थ्री राइडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग सहित अन्य ट्रेफिक नियमों के उल्लंघन होने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए सडक सुरक्षा से संबंधी जो भी कार्य है उन्हें संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है यातायात नियमों की पालना करके वह स्वयं सुरक्षित रह सकते है और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए हमें स्वयं यातायात नियमों की पालना करनी होगी।

## सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** अम्बाला पुलिस द्वारा पुलिस ऑफिसर इंस्टीट्यूटए अम्बाला शहर में एक विशेष विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभाग से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनकी वर्षों की कर्तव्यनिष्ठ सेवा को सराहने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने शिरकत की। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक शिशपाल, निरीक्षक संजीव कुमार, निरीक्षक सुरेंद्र सिंह,उप निरीक्षक सुशील कुमार, उप निरीक्षक बलकार सिंह, मुख्य सिपाही राम कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हुए सभी पुलिसकर्मियों के स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन कर्मियों ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा और सेवा भाव से समाज की सेवा की है। उन्होंने उपस्थित अन्य पुलिसकर्मियों को भी इन सेवानिवृत्त साथियों के सेवा भाव और अनुशासन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### जन स्वास्थ्य विभाग डिवीजन नंबर दो के जिला चेयरमैन बने कुशलपाल

**पानीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी की जन स्वास्थ्य विभाग डिवीजन नंबर दो का त्रि-वार्षिक चुनाव सोमवार को सर्वसम्मति से हुआ। जिसमे कुशलपाल चौहान को सर्वसम्मति से जिला चेयरमैन, राजेंद्र मलिक को ब्रांच प्रधान, अशोक बाबरपुर को सचिव व संदीप नारायणा को कैशियर चुना गया।

चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में यूनियन के राज्य प्रधान कुलवंत शर्मा और राज्य उप प्रधान धर्मराज घणगस व जगबीर हुड्डा मौजूद रहे और उनकी अध्यक्षता में चुनाव हुआ।

## शारदेडी में नशा मुक्त अभियान के बारे में किया जागरूक

**जागरूक किया**

ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को नशे की दलदल से बचाना और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना था




टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** नशे के विरुद्ध छिड़ी जंग को तेज करते हुए, माननीय पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत के कुशल दिशा-निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस की एनडीपीएस सैल टीम द्वारा थाना मुलाना के अंतर्गत आने वाले गांव शारदेडी में एक विशेष नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को नशे की दलदल से बचाना और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना था। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और युवाओं के साथ सीधा संवाद किया और उन्हें नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पुलिस टीम ने आमजन को नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इसके लिए सरकार द्वारा जारी मानस पोर्टल और मोबाइल नंबर 90508-91508,9729990112 के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया कि वे नशा बेचने या करने वालों की सूचना इन नंबरों पर तुरंत साझा करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। इस जागरूकता अभियान में एनडीपीएस सैल से एएसआई रणदीप, एचसी बयंत कौर, और एएसआई बबली ने अपनी टीम के साथ सक्रिय भूमिका निभाई।

### महावीर जयंती पर भी खुले रहेंगे निगम कार्यालय

नितिन सिंगला जगाधरी

**यमुनानगर।** वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन मंगलवार को महावीर जयंती का अवकाश होने के बावजूद नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। शहर के तीनों नगर निगम कार्यालय इस दिन खुले रहेंगे, ताकि लोग अपने प्रॉपर्टी टैक्स, किराया और जुमार्ना आदि समय पर जमा कर सकें।नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि वित्त वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण टैक्स संग्रहण को सुचारु बनाए रखने और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

## सेफ सिटी टीम ने ट्रिप मॉनिटरिंग एप, डायल-112 के बारे में किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** अम्बाला पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के तहत सारवाल अस्पताल अम्बाला शहर में सेफ सिटी टीम अम्बाला शहर की सहायक उप निरीक्षक रेणू बाला व मुख्य सिपाही राजबीर कौर ने पुलिस की पाठशाला द्वारा सारवाल अस्पताल अम्बाला शहर स्टाफ को साइबर अपराध, ट्रिप मोनिटरिंग/डायल-112 एप्प तथा यातायात नियमों बारे जागरूक किया। सेफ सिटी टीम अम्बाला शहर ने उपस्थित स्टाफ को ट्रिप मोनिटरिंग एप्प/डायल-112 एप्प बारे विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल-112 एप्प डाउनलोड करवाई।

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **कुल बारह (12) स्टॉलः** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, फरीदाबाद, गन्नौर, गाजियाबाद, करनाल, मेरठ सिटी, पलवल, पटौदी रोड, रोहतक, गुड़गांव रेलवे स्टेशन।

ख) **कुल अड़तीस (38) ट्रॉलीः** बल्लभगढ़, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली किशनगंज, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद नया शहर, गढ़ी हरसरू, जाखल, जींद, खेकड़ा, मानसा, मेरठ शहर, नांगलोई, नरवाना, नोली, ओखला, पालम, शकूरबस्ती, शामली, टपरी, टोहाना, तुगलकाबाद, विवेक विहार, असावटी, दिल्ली आजादपुर, दिल्ली सफदरगंज, देवबंद, खतौली, मंगोलपुरी, मोदीनगर, मेरठ कैंट, मुरादनगर, नया गाजियाबाद, परतापुर, सकौती टांडा, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन।

ग) दिल्ली जंक्शन, कुरुक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव, मेरठ कैंट, पानीपत, नरेला, बादली रोहतक, जुलाना, सांपला रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाने की अवधि 90 दिन होगी।

घ) एनएसजी 1, 2, 3 स्टेशनों के लिए पंजीकरण शुल्क रु. की दर से लिया जाएगा। तीस दिनों के प्रत्येक चरण के लिए 2000 और एनएसजी 4,5,6 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जिंद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, गनौर, बादली, सब्जी मंडी, नरेला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, पालम, मेरठ कैंट, दिल्ली सफदरजंग, परतापुर और सकौती टांडा रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण शुल्क रु. तीस दिनों के प्रत्येक मंत्र के लिए 1000 की दर से लिया जाएगा।

ङ) प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं: विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/ गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

C. पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

D. समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

E. किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 07.04.2026, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता हैं व उसी दिन खोला जाएगा।

सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12 / 2022 एवं 09/2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL:https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/ Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 1061/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| क्र0 सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-44/ 2025-26 | 1. प्रोविजन ऑफ सी० सी० टी० वी सर्विलांस सिस्टम एट आर पी एफ पोस्ट्स/आउट पोस्ट्स हैविंग कवरेज ओवर स्पेस प्रवाइडिड फॉर कीपिंग एक्यूज्ड एण्ड इंटेरोगेशन परपोज. 2. एक्सपेंशन ऑफ सी० सी० टी वी सर्विलांस नेटवर्क इन रैलवे हॉस्पिटल अंबाला कैंट। | 27/04/2026 at 15.00 hrs. | Rs. 9507636.25/- | Rs. 190200/- | 180 दिन |
| 2 | OT-45/ 2025-26 | 1. प्रोविजन ऑफ ई०सी० सॉकेट ऑन 6 क्वाड केबल इन सरहिन्द-ऊना हिमाचल, अंबाला डिवीजन। 2. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6 मी x 6 मी साइज लिमिटेड हाइट सबवे इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 5, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी० जी०-एम०आर०एन०डी० सेक्शन टू इलिमनैट लेवल क्रॉसिंग इन द सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी०जी०. 3. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6 मी x 5 मी. साइज एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 6 बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०-एम०आर०एन०डी० सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी० जी० 4. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6 मी x 5 मी. साइज एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 7. बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०-एम०आर०एन०डी० सेक्शन ऑफ एस० एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन/सी०डी० जी० 5. टेलीकॉम एस्टिमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूव्मेंट/अपग्रेडेशन एट डी०टी०टी० एस०/के० एल० के० एट के०एल० के०. 6. टेलीकॉम एस्टिमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूव्मेंट/अपग्रेडेशन ऑफ सेफ्टी कैम्प डी०एम०पी. | 27/04/2026 at 15.00 hrs. | Rs. 6350180.94/- | Rs. 127000/- | 180 दिन |
| 3 | OT-46/ 2025-26 | प्रोविजन ऑफ क्लॉक्स एट एन.एस.जी. 3, एन.एस.जी. 4, एन.एस.जी.-5 & एन.एस.जी. 6 कैटेगरी स्टेशन्स ओवर अंबाला डिवीजन. | 27/04/2026 at 15.00 hrs. | Rs. 8591446.13/- | Rs. 171800 | 270 दिन |

नोटः- वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1 टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें। 2 निविदाकारो को ई-टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले। संख्याः- एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन0आई0टी-18/2025-26 दिनांकः- 30.03.2026 1072/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## लैंक्सेस को 2026 की दूसरी छमाही में व्यावसाय में उछाल आने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** स्पेशलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस के लिए वित्त वर्ष 2025 कमजोर बाजार परिस्थितियों और उच्च भू-राजनीतिक अनिश्चितता से प्रभावित रहा। कंपनी का कुल राजस्व 5.673 अरब यूरो रहा, जो पिछले वर्ष के 6.366 अरब यूरो की तुलना में 10.9 प्रतिशत कम है। एबिटा प्री एक्सेप्शनल्स 16.9 प्रतिशत घटकर 510 मिलियन यूरो रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 614 मिलियन यूरो था। पूरे वर्ष के लिए एबिटा मार्जिन प्री एक्सेप्शनल्स 9.0 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष 9.6 प्रतिशत था। इस विकास के मुख्य कारण लगभग सभी ग्राहक उद्योगों में लगातार कमजोर मांग और उसके कारण बिक्री की मात्रा में कमी रही। कच्चे माल की खरीदारी की कीमतों में कमी तथा एशियाई क्षेत्र से कुछ व्यवसायों में कीमतों पर पड़ने वाले दबाव के चलते बिक्री मूल्यों में भी कमी आई। इसके अलावा, 1 अप्रैल 2025 को यूरेन सिस्टम्स बिजनेस यूनिट की बिक्री के बाद उससे होने वाले आय का न होना तथा प्रतिकूल मुद्रा प्रभाव भी ऑपरेटिंग परिणामों में गिरावट का कारण बने। लैंक्सेस के सीईओ मैथियास जैशर्ट ने कहा, 2025 पूरे केमिकल उद्योग और लैंक्सेस दोनों के लिए बेहद मुश्किल साल रहा। 2026 में हम उम्मीद करते हैं कि वर्ष की दूसरी छमाही में सकारात्मक गति दिखेगी, उदाहरण के लिए जर्मन सरकार के इंफ्रास्ट्रक्चर स्टिमुलस प्रोग्राम के माध्यम से। इसलिए हमारे लिए 2026 का मार्गदर्शक सिद्धांत यही रहेगा कि हम उन चीजों को नियंत्रित करें जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं। इसका मतलब है हमारा फोकस लागत में कटौती जारी रखने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और नए बाजार अवसर पैदा करने पर रहेगा।

## डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी

**सिरसा, (रणबीर खटक)**

जिला में रसोई गैस, डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू बनी हुई है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार ही खरीदारी करें। जिला में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां नागरिक डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस से संबंधित जानकारी या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 01666-248422 पर संपर्क कर सकते हैं। रसोई गैस, डीजल व पेट्रोल की सुचारू आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए पांच नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उनकी टीमें लगातार निरीक्षण और छापेमारी कर रही हैं तथा 11 स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है, जिसमें 15 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। यह कार्यवाही लगातारी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि जिले में 27 गैस एजेंसियों के माध्यम से रसोई गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

कालाबाजारी, जमाखोरी और गैस के अनधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार सख्त निगरानी रख रहा है और समय-समय पर जांच भी की जा रही है। उन्होंने जिलेवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की उपलब्धता पूरी तरह पर्याप्त है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन वस्तुओं का अनावश्यक भंडारण न करें और प्रशासन का सहयोग करें।

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

VASTU HOUSING FINANCE

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र। सीआईएन नंबरः U65922MH2005PLC272501

**प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना**

जबकि, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय के माध्यम से, निम्नलिखित उधारकताओं / गारंटरो / बंधककताओं को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने VHFCL से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन के पुनर्भुगतान और ब्याज के भुगतान में चूक की है, और उक्त सुविधाएँ अब 'गैर-निष्पादित आस्तियाँ बन गई हैं। उन्हें 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किए गए थे; हालाँकि, वे नोटिस बिना तामील हुए वापस आ गए हैं, और इसलिए, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उन्हें इस संबंध में सूचित किया जाता है।

| कर्ज लेने वाले का नाम, सह-उधारकर्ता और ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तारीख और रकम | गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| सतीश (आवेदक), नवीन (सह-ऋणग्राही), गायत्री (सह-ऋणग्राही), ज्योति (सह-ऋणग्राही)<br>एचएल0000000073670 | 26/03/2026<br>26/03/2026 की स्थिति के अनुसार राशि (रू.) 2768019 तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्क | संपत्ति, यानी 1 कनाल 16 मरले के प्लॉट का 7/72 हिस्सा, जिसका माप 110 वर्ग गज है। इसका खसरा नंबर 198//19/1/1/2/1(1-16) और खेवट नंबर 1282 है। यह उकलाना मंडी, तहसील उकलाना मंडी, जिला हिसार-125113 में स्थित है। इसके उत्तर में श्री बचन सिंह की संपत्ति, दक्षिण में सड़क, पूर्व में श्रीमती कृष्णा देवी का प्लॉट और पश्चिम में श्रीमती बिमला देवी का प्लॉट है। |
| सुखदेव (दिवंगत) को सभी कानूनी वारिसों (आवेदक) को, सुखदेव (दिवंगत) के ज्ञात/अज्ञात कानूनी वारिसों, उत्तराधिकारियों, प्रतिनिधियों और हस्तांतरितियों को, गंगा (स्वर्गीय श्री सुखदेव की पत्नी), सुखदेव (दिवंगत) की कानूनी वारिस, मंगत राम (स्वर्गीय श्री सुखदेव के पिता), सुखदेव (दिवंगत) के कानूनी वारिस, मनीष (स्वर्गीय श्री सुखदेव के भाई), सुखदेव (दिवंगत) के कानूनी वारिस, जमना (सह-ऋणकर्ता), गंगा (सह-ऋणकर्ता), मनीष (सह-ऋणकर्ता)<br>एचएल0000000091505 | 26/03/2026<br>26/03/2026 की स्थिति के अनुसार राशि रु. 386672 तथा उस पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्क | संपत्ति, जो मुरब्बा नंबर 8, किला नंबर 9 में स्थित है; इसका कुल रकबा 2 मरले, 3 सरसाई (यानी 71 वर्ग गज) है। यह संपत्ति गाँव गोविंदपुर में, ट.उ. जींद की सीमा के भीतर, राम नगर, तहसील और जिला जींद-126102 में स्थित है। उत्तर दिशा में - रमेश खाटी का मकान; दक्षिण दिशा में - संत राम का मकान; पूर्व दिशा में - शेरा सैनी का मकान; पश्चिम दिशा में - गली। |

नोटिस की वैकल्पिक तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकताओं, सह-उधारकताओं और/या उनके गारंटरों (जहां भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान कर दें; ऐसा न करने पर, इस नोटिस की तारीख से 60 दिन बीत जाने के बाद, 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' (सरफेसी अधिनियमू3, 2002) के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। कृपया सूचित हों कि उक्त नोटिस धारा 13(13) के अंतर्गत भी है, जिसके द्वारा उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक संपत्ति को बेचा/पट्टे पर दिया/हस्तांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

दिनांक : 31.03.2026
स्थान : जींद, हिसार

अधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

## देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए खुले हैं मध्य प्रदेश के दरवाजे: डॉ. मोहन यादव

**अनुदान राशि**

**मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्य प्रदेश की थीम पर भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित एमएसएमई इकाइयों को प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में प्रदेश की 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से आठ करोड़ रुपये के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि, हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। उन्होंने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग द्वारा बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है। जहां एक ओर विश्व के कई देशों में पेट्रोल-डीजल, गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, वहीं हमारे देश में प्रधानमंत्री मोदी ने इनके मूल्यों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने दिया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत समर्थ भी है और सक्षम भी।

**सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगति : मंत्री काश्यप**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनता के बीच सक्रिय होने के साथ प्रशासनिक दृष्टि से भी निरंतर गतिशील हैं। उनके व्यापक और स्पष्ट दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप प्रदेश उद्योग-व्यापार, कृषि, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महावीर जयंती पर श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर महाराज का लिया आशीर्वाद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को भोपाल के दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज द्वारा संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का इतवारा पहुंचकर स्वागत कर यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री 108 संभव सागर महाराज सहित अन्य मुनिगण को श्रीफल भेंट कर



उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, दिगम्बर पंचायत कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन, सुपारी और श्वेताम्बर समाज के अध्यक्ष राजेश तांतेड़ उपस्थित थे।



राम जन्मभूमि के हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को होगा ध्वजारोहण।

### भगवान महावीर जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**प्रयागराज।** भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर सोमवार को जैन मंदिर से रथ शोभा यात्रा निकाली गई। रथ में वर्धमान के माता-पिता विराजमान थे। जिनकी आरती उतार कर यात्रा प्रारम्भ की गई। लोगों के हाथों में धार्मिक ध्वज पताका थे, ढोल ताशा पार्टी, डीजे, पंजाबी बैंड, अनेक झांकियां, ऐरावत हाथी, गाते बजाते नृत्य करते देव-देवियां तथा बग्घी में वर्धमान के माता-पिता लोगों को दर्शन दे रहे थे। सड़क के दोनों ओर श्रद्धालु हाथ जोड़कर दर्शन कर रहे थे फूलो की वर्षा करके रथ यात्रा का स्वागत किया जा रहा था। महिलाएं और बच्चे पीले रंग का वस्त्र पहने हुए थे ऐसा लग रहा था जैसे सरसों का फूल लहरा रहे है। सभी जयकारे लगाकर थिरक रहे थे। भक्त भगवान महावीर के संदेशों को लोगों तक पहुंचा रहे थे।

### मुख्यमंत्री ने 1.22 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यूनिफॉर्म के लिए दी राशि



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की एक लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफॉर्म के लिए एक-एक हजार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना और कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नौनिहालों की देखभाल कर भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और अन्य मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया है, जो एक अप्रैल 2026 से लागू होगा। साथ ही अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में पांच दिन गर्म दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत के कार्य भी तेजी से कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं और महिला पर्यवेक्षकों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं तथा भविष्य में उनकी आंखों की निःशुल्क जांच और चश्मा उपलब्ध कराने की योजना भी है।

**चेक वितरित**

**मुख्यमंत्री ने लाडो प्रोत्साहन योजना और कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चेक वितरित किए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए राज्य में 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांवों और शहरी वार्डों के समग्र विकास के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

### बिहार की राजनीति के 'शिखर पुरुष' नीतीश कुमार का सफरनामा



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। नीतीश कुमार पहली बार 2006 में विधान परिषद के सदस्य बने थे। उसके बाद 2012, 2018 और 2024 में लगातार चौथी बार उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता ली । विधान परिषद की सदस्यता छह वर्ष के लिए होती है। उनके टर्म इस प्रकार रहे- 2006-2012, 2012-2018, 2018-2024 और 2024 से अब तक। साल 2005 के नवंबर में पहली बार बिहार की सत्ता संभालने के बाद नीतीश कुमार ने हमेशा विधान परिषद के रास्ते मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

उन्होंने कभी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा। 1985 में हरनौत से विधायक चुने जाने के बाद वे लोकसभा सदस्य भी रहे और केंद्र में मंत्री पद भी संभाला। लेकिन बिहार में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने विधानसभा की बजाय विधान परिषद की सदस्यता को प्राथमिकता दी। राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद नीतीश कुमार अब चारों सदनों के सदस्य बन जाएंगे। उन्होंने पहले विधानसभा (विधायक), फिर लोकसभा (सांसद), उसके बाद विधान परिषद और अब राज्यसभा की सदस्यता हासिल कर ली है। यह उनके राजनीतिक करियर में एक अनोखा उपलब्धि मानी जा रही है। विधान परिषद की सदस्यता छोड़ने के बाद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद भी छोड़ना होगा।

**पद से इस्तीफा**

**विधान परिषद की सदस्यता छोड़ने के बाद नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद भी छोड़ दिया**

## समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। सभी के प्रार्थना पत्र लिए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है।



**मंदिर पर कब्जे की शिकायत:**

उन्नाव के बांगरमऊ से आईं ममता तिवारी ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए कुछ लोगों पर मंदिर कब्जा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कब्जा करने वाले लोग मंदिर में पूजा भी नहीं करने दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। बदायूं से आए एक किसान ने बताया कि कुछ लोगों ने उनकी फसल नष्ट कर दी और पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बलरामपुर जिले से आए एक फरियादी ने बताया कि गांव की सड़क बहुत खराब है।

ग्राम प्रधान कई वर्षों से इसका निर्माण नहीं होने दे रहे हैं, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। इस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में जाकर ग्रामीणों से बातचीत करें। स्थिति का खुद आकलन करें और सड़क निर्माण कराएं।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. जितेन ठाकुर को उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित उत्तराखंड भाषा संस्थान के उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह 2025 में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान' से डॉ. जितेन ठाकुर को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, श्याम सिंह कुटौला, डॉ. प्रीतम सिंह, केसर सिंह राय तथा अताए साबिर अफजल मंगलौरी को 'उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं 'युवा कलमकार प्रतियोगिता' के विजेताओं को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने साहित्य नारी वंदन सम्मान के अंतर्गत प्रो. दिवा भट्ट, उत्कृष्ट बाल साहित्य के लिए प्रो. दिनेश चमोला, उत्तराखंड मौलिक रचना पुरस्कार के लिए डॉ भूपेंद्र बिष्ट, डॉ सुधा जुगरान, शीशपाल गुसाई, उत्कृष्ट कुमाऊंनी और गढ़वाली साहित्य में तारा पाठक, हेमंत सिंह बिष्ट और गजेंद्र नौटियाल आदि को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उन्हें प्रदेश के महान साहित्यकारों



को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 'उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान' से सम्मानित डॉ. जितेन ठाकुर न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे हिंदी साहित्य जगत के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने के साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। धामी ने कहा कि उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह प्रदेश की साहित्यिक परंपरा, रचनात्मक चेतना और साहित्यकारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पावन भूमि सदियों से ज्ञान, संस्कृति और सृजन का केंद्र रही है, जहां हिमालय, गंगा और प्राकृतिक सौंदर्य ने अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित किया है। सुमित्रानंदन पंत, गौरा पंत 'शिवानी', मोहन उप्रेती और शैलेश मटियानी जैसे साहित्यकारों ने इस धरा को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और लेखक केवल शब्दों के निमार्ता नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं। स्वतंत्रता आंदोलन और उत्तराखंड राज्य निर्माण में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार विभिन्न पुरस्कारों के माध्यम से साहित्यकारों को सम्मानित करने के साथ-साथ ग्रंथ प्रकाशन के लिए अनुदान भी प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य में दो 'साहित्य ग्राम' स्थापित किए जा रहे हैं, जहां साहित्यकारों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## कायस्थ समाज का देश-प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को चंदखुरी में कायस्थ मंगल भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कायस्थ समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता कौशल्या की पावन भूमि चंदखुरी में इस मंगल भवन का शुभारंभ होना पूरे समाज के लिए खुशी और गौरव का विषय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कायस्थ समाज सदैव से एक प्रबुद्ध और जागरूक समाज रहा है, जिसने देश एवं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन से लेकर सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज की सक्रिय भूमिका रही है,



जो प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए विजन डॉक्यूमेंट में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है और उन्हें विश्वास है कि कायस्थ समाज इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि जब समाज संगठित होकर कार्य करता है, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी सहजता से प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर प्रदेश में कनेक्टिविटी के क्षेत्र में हो रहे विस्तार का उल्लेख करते हुए बताया कि आज अंबिकापुर से दिल्ली और कलकत्ता के लिए सीधी हवाई सेवा प्रारंभ की गई है, जिससे प्रदेशवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने बजट में सीजी वायु योजना का प्रावधान किया है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ के सभी हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। साथ ही कार्गो सेवा भी प्रारंभ की गई है, जिससे किसान अपने उत्पाद राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक आसानी से पहुंचा सकेंगे। इस अवसर पर नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ मंगल भवन का निर्माण समाज की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भवन किसी एक समाज के लिए नहीं, बल्कि सर्व समाज के उपयोग के लिए बनाया गया है। यहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**भूमिका**

**शासन-प्रशासन से लेकर सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज की सक्रिय भूमिका रही है: सीएम**

## प्रशासन में ऐसा विभाजन पहले कभी नहीं देखा: मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पश्चिम मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर लगातार हो रहे तबादलों को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नारायणगढ़ की चुनावी सभा से तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन में इस तरह की भागीदारी और विभाजन पहले कभी नहीं देखा गया। सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य के कई अनुभवी अधिकारियों को हटाया जा रहा है और प्रशासन को विभाजित किया



जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह देखा जा रहा है कि कौन अधिकारी आरएसएस या भाजपा से जुड़ा है। कदमों का उल्टा असर पड़ेगा और जनता इसका जवाब वोट के माध्यम से देगी। मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मुद्दे पर भी सवाल उठाया। सुनियोजित साजिश के तहत आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।